website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

R.N.I. No. RAJHIN/2012/48736

दैनिक
# रॉयल पत्रिका

वर्ष : 13 अंक : 330 पेज: 8 जयपुर, गुरुवार 06 नवम्बर 2025 मूल्य: 1.50 रुपये

## प्रधानमंत्री मोदी का 'बहुत सम्मान' करते हैं राष्ट्रपति ट्रंप : व्हाइट हाउस



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के व्हाइट हाउस ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बहुत सम्मान करते हैं। उन्होंने बताया कि ट्रंप और मोदी के बीच अक्सर बातचीत होती रहती है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि ट्रंप भारत-अमेरिका संबंधों को लेकर बहुत सकारात्मक हैं और उन्हें दोनों देशों के बीच के रिश्तों पर गहरा विश्वास है। उन्होंने बताया कि ट्रंप और पीएम मोदी कई मुद्दों पर सीधी बातचीत करते हैं। उन्होंने कहा, "मुझे पता है कि राष्ट्रपति प्रधानमंत्री मोदी का बहुत सम्मान करते हैं और वे अक्सर बातचीत करते हैं।"

**लेविट ने व्हाइट हाउस में दीपावली समारोह और सर्जियो गोर की भारत के लिए राजदूत नियुक्ति को ट्रंप की भारत के साथ मजबूत रिश्ते बनाने की इच्छा का प्रतीक बताया**

लेविट ने हाल ही में व्हाइट हाउस में मनाई गई दीपावली और सर्जियो गोर को अमेरिका के नए भारत राजदूत के रूप में नियुक्त किए जाने का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह सब ट्रंप के भारत के साथ मजबूत रिश्ते की इच्छा को दिखाता है, जो द्विपक्षीय संबंधों को लेकर "काफी सकारात्मक और दृढ़" हैं। पिछले महीने, राष्ट्रपति ट्रंप ने व्हाइट हाउस में खास दीपावली कार्यक्रम आयोजित किया था। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक महान व्यक्ति बताया और कहा कि उन्हें भारत के लोगों से बहुत प्रेम है।

कार्यक्रम में विनय क्वात्रा, सर्जियो गोर, काश पटेल, तुलसी गैबार्ड और कई भारतीय मूल के व्यवसायी शामिल थे

इस कार्यक्रम में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा, सर्जियो गोर, एफबीआई निदेशक काश पटेल और राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गैबार्ड सहित कई भारतीय मूल के प्रमुख व्यवसायी भी शामिल थे। ट्रंप ने ओवल ऑफिस में दीप जलाया और इसे "अंधकार पर प्रकाश की जीत का प्रतीक" बताया। उन्होंने भारत के लोगों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

**लेविट ने बताया कि व्यापार से जुड़े मुद्दों पर भी ट्रंप सरकार और भारत के बीच गंभीर चर्चा जारी है**

लेविट ने यह भी बताया कि व्यापार से जुड़े मुद्दों पर भी ट्रंप सरकार और भारत के बीच गंभीर चर्चा जारी है। दोनों देशों की टीमें इस विषय पर लगातार बातचीत कर रही हैं। बता दें कि अमेरिका और भारत के बीच व्यापारिक संबंध हाल में उतार-चढ़ाव वाले रहे हैं, जिसमें ट्रंप द्वारा भारत पर ट्रेड टैरिफ लगाने से लेकर रूस से तेल खरीदने को लेकर दोनों देशों के विभिन्न नजरिए जैसी चीजें शामिल रही हैं।

## भारतीय मूल के जोहरान ममदानी बने न्यूयॉर्क के पहले मुस्लिम मेयर

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका में डेमोक्रेट उम्मीदवार भारतीय मूल के जोहरान ममदानी ने बुधवार को न्यूयॉर्क शहर के मेयर पद के चुनाव में ऐतिहासिक जीत हासिल की है। चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार एंड्रयू कुओमो को हराकर ममदानी शहर के पहले मुस्लिम मेयर बन गए हैं। ममदानी 1 जनवरी, 2026 को अमेरिका के सबसे बड़े महानगर का नेतृत्व करने के लिए पदभार ग्रहण करेंगे।

**जोहरान ममदानी युगांडा के विद्वान महमूद ममदानी और प्रसिद्ध भारतीय फिल्म निर्माता मीरा नायर के बेटे हैं**

जोहरान ममदानी युगांडा के विद्वान महमूद ममदानी और प्रसिद्ध भारतीय फिल्म निर्माता मीरा नायर के बेटे हैं। उनका जन्म 18 अक्टूबर 1991 को युगांडा के कंपाला में हुआ था। जोहरान का बचपन युगांडा से दक्षिण अफ्रीका और आखिर में न्यूयॉर्क शहर में बीता।

**जीत के बाद ममदानी ने एक्स पर सिटी हॉल का वीडियो साझा किया, जिस पर "जोहरान फॉर न्यूयॉर्क सिटी" लिखा था**

अपनी जीत के बाद अपनी पहली एक्स पोस्ट में ममदानी ने एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें सिटी हॉल में एक न्यूयॉर्क मेट्रो ट्रेन खुलती दिखाई दे रही थी और दीवार पर "जोहरान फॉर न्यू यॉर्क सिटी" लिखा हुआ था। सिटी हॉल वह जगह है, जहां मेयर कार्यालय स्थित है।

**जोहरान ममदानी ने डेमोक्रेटिक प्राइमरी में पूर्व गवर्नर कुओमो को हराया, जबकि रिपब्लिकन उम्मीदवार स्लीवा ने नाम नहीं वापस लिया**



जोहरान ममदानी ने जून में हुए डेमोक्रेटिक प्राइमरी चुनाव में भी पूर्व गवर्नर एंड्रयू कुओमो को हरा दिया था। वहीं रिपब्लिकन उम्मीदवार कर्टिस स्लीवा ने कुओमो के खेमे के बढ़ते दबाव के बावजूद नाम वापस लेने से इनकार कर दिया था। इस चुनाव ने पूरे देश का ध्यान खींचा।

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और एलन मस्क की भारी आलोचना के बावजूद डेमोक्रेटिक उम्मीदवार को चुनाव में सफलता मिली**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और एलन मस्क की भारी आलोचना के बावजूद डेमोक्रेटिक उम्मीदवार को चुनाव में सफलता मिली। चुनाव से ठीक पहले राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर ममदानी को कम्युनिस्ट उम्मीदवार बताते हुए उनकी निंदा की थी और चेतावनी दी थी कि अगर वह चुने गए तो न्यूयॉर्क शहर के लिए फंडिंग कम की जा सकती है।

**ट्रंप ने ट्रूथ पर चेताया कि अगर जोहरान ममदानी मेयर बने तो वे न्यूयॉर्क को सिर्फ न्यूनतम फेडरल फंड देंगे**

ट्रूथ पर ट्रंप ने लिखा, "अगर कम्युनिस्ट उम्मीदवार जोहरान ममदानी न्यूयॉर्क शहर के मेयर का चुनाव जीत जाते हैं तो बहुत कम संभावना है कि मैं फेडरल फंड में न्यूनतम आवश्यक राशि के अलावा कोई और योगदान दूं।" उन्होंने यह भी कहा था कि अगर कोई यहूदी व्यक्ति जोहरान ममदानी को वोट देता है, वह मूर्ख है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने उन्हें यहूदी विरोधी बताया।

**कम्युनिस्ट नेतृत्व में हालात और बिगड़ सकते हैं, इसलिए मैं इस पर धन व्यय नहीं करना चाहता**

एक अन्य पोस्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति ने लिखा, "कम्युनिस्ट उम्मीदवार जोहरान ममदानी न्यूयॉर्क शहर के मेयर का चुनाव जीतते हैं, तो यह बेहद असंभव है कि मैं अपने प्यारे पहले घर के लिए आवश्यक न्यूनतम राशि के अलावा संघीय निधि का योगदान करूं, क्योंकि एक कम्युनिस्ट मेयर होने के नाते इस महान शहर के आगे बढ़ने की भी कोई संभावना नहीं है। एक कम्युनिस्ट के नेतृत्व में यह स्थिति और भी बदतर हो सकती है और मैं बतौर इस पर पैसा बर्बाद नहीं करना चाहता।"

**मस्क ने सवाल उठाया कि बैलेट पेपर पर ममदानी का नाम दो बार क्यों छपा है, उन्होंने कहा कि यह न्यूयॉर्क सिटी का एक बैलेट पेपर घोटाला है**

वहीं एलन मस्क ने भी ममदानी की काफी आलोचना की थी। मस्क ने सवाल उठाया कि बैलेट पेपर पर ममदानी का दो बार नाम छपा है। उन्होंने कहा कि न्यूयॉर्क सिटी का बैलेट पेपर स्कैम है। आईडी की कोई जरूरत नहीं है और दूसरे मेयर उम्मीदवारों का नाम दो बार है।

## छत्तीसगढ़ : बिलासपुर में पैसेंजर ट्रेन और मालगाड़ी आमने-सामने से टकराई, कई घायल



छत्तीसगढ़ । छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में बड़ा रेल हादसा हुआ है। यहां लालखदान के पास हावड़ा रूट पर पैसेंजर ट्रेन और मालगाड़ी आमने-सामने से टकरा गई।

इस दौरान यात्री ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। इस हादसे में 4 यात्रियों के मरने की खबर आई है, जबकि एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि मरने वाले लोगों की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे प्रशासन ने रेस्क्यू टीम और मेडिकल यूनिट को तुरंत मौके के लिए रवाना किया। इसके साथ ही स्थानीय प्रशासन भी मदद के लिए मौके पर मौजूद है। वहीं, दुर्घटना की वजह से इस रूट पर ट्रेनों का परिचालन पूरी तरह से ठप हो गया है। इसी क्रम में रेलवे ने कई ट्रेनों का रूट डायवर्ट कर दिया है। फिलहाल मौके पर रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। हालांकि, अभी हादसे की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। घायलों को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया गया है। हादसा इतना जबरदस्त था कि यात्री ट्रेन मालगाड़ी के ऊपर चढ़ गई। वहीं, रेलवे ने बिलासपुर ट्रेन हादसे के बाद यात्रियों और उनके परिजनों की सहायता के लिए कई हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। इस हादसे से जुड़ी सही जानकारी और घायलों की स्थिति जानने के लिए लोग हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। चंपा जंक्शन के लिए 808595652, रायगढ़ के लिए 975248560, और पेंड्रा रोड के लिए 8294730162 नंबर जारी किए गए हैं। इसके अलावा, सीधे दुर्घटना स्थल पर भी दो हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध कराए गए हैं, जिन पर संपर्क करके तुरंत जानकारी ली जा सकती है: 9752485499 और 8602007202। वहीं, रेलवे ने बताया कि सभी हेल्पलाइन नंबर 24 घंटे सक्रिय रहेंगे ताकि यात्रियों के परिजन तुरंत जरूरी जानकारी प्राप्त कर सकें और किसी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बिलासपुर जिलाधिकारी से सीधे वीडियो कॉलिंग के माध्यम से जुड़े और उन्होंने घटना के संबंध में जिलाधिकारी संजय अग्रवाल से जानकारी ली है।

## राहुल गांधी के आरोपों के बीच हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने महत्वपूर्ण तथ्य साझा किए

नई दिल्ली । लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके हरियाणा विधानसभा चुनाव, 2024 में वोट चोरी के आरोप लगाए। इसी बीच हरियाणा मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) ने चुनाव से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण तथ्यों के बारे में बताया।

**मसौदा मतदाता सूचियां 2 अगस्त, 2024 को प्रकाशित और मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ साझा की गईं**

हरियाणा मुख्य निर्वाचन अधिकारी के आधिकारिक एक्स हैंडल से पोस्ट कर चुनाव के महत्वपूर्ण तथ्यों के बारे में बताया गया। पोस्ट में लिखा, "मसौदा मतदाता सूचियां 2 अगस्त, 2024 को प्रकाशित और मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ साझा की गईं। एसएसआर (स्पेशल समरी रीविजन) के दौरान 4,16,408 दावें और आपत्तियां प्राप्त हुईं। 20,629 कुल बीएलओ की संख्या थी।"

**जिलाधिकारियों के आदेशों के विरुद्ध मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पास दायर दूसरी अपीलों की संख्या भी शून्य रही**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया, "अंतिम मतदाता सूचियां 27.8.2024 को प्रकाशित और सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ साझा की गईं। जिलाधिकारियों के पास ईआरओ के विरुद्ध शून्य दायर अपील रही। जिलाधिकारियों के आदेशों के विरुद्ध मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पास दायर दूसरी अपीलों की संख्या भी शून्य रही। नाम वापसी की अंतिम तिथि तक मतदाता सूचियों को अंतिम रूप दे दिया गया और 16 सितंबर, 2024 को चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के साथ साझा की गईं।"

**मतदान के अगले दिन जांच के दौरान उम्मीदवारों द्वारा शून्य आपत्ति दर्ज कराई गई**




हरियाणा सीईओ ने बताया, "हरियाणा में मतदान केंद्रों की कुल संख्या 20,632 थी। चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की कुल संख्या 1,031 थी। सभी चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों द्वारा नियुक्त मतदान एजेंटों की कुल संख्या 86,790 थी। मतदान के अगले दिन जांच के दौरान उम्मीदवारों द्वारा शून्य आपत्ति दर्ज कराई गई। मतगणना के लिए सभी उम्मीदवारों द्वारा नियुक्त मतगणना एजेंटों की संख्या 10,180 थी। मतगणना के दौरान रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा पांच शिकायतें/आपत्तियां प्राप्त हुईं। 8 अक्टूबर को रिजल्ट घोषित किए गए। चुनावों को चुनौती देने के लिए 23 चुनाव याचिका दायर की गई।"

**बता दें कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके हरियाणा चुनाव के नतीजों पर कथित तौर पर गड़बड़ी करने का आरोप दोहराया है**

बता दें कि लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके हरियाणा चुनाव के नतीजों पर कथित तौर पर गड़बड़ी करने का आरोप दोहराया है। राहुल गांधी ने दावा किया कि राज्य और राष्ट्रीय दोनों स्तर पर हो रही है। हरियाणा में कांग्रेस की जीत को हार में बदला गया।

## बर्फ की सफेद चादर में लिपटा बद्रीनाथ धाम, उमड़ा भक्तों का हुजूम



नई दिल्ली। उत्तराखंड के प्रसिद्ध चार धामों में से एक बद्रीनाथ धाम में अचानक से मौसम ने करवट बदल ली है। बुधवार सुबह से लगातार तेज बर्फबारी हो रही है और चारों तरफ बर्फ की सफेद चादर बिछ गई है। बर्फबारी होने की वजह से तापमान काफी गिर गया है, लेकिन श्रद्धालुओं की भक्ति में कमी नहीं है, बर्फबारी के बीच भी भक्त दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। पर्यटक भी बर्फबारी का मजा ले रहे हैं।

**प्रशासन ने ठंड से बचने के लिए जगह-जगह पर अलाव की व्यवस्था की है, जिससे पर्यटक और भक्त दोनों ही बर्फबारी का मजा ले सकें**

उत्तराखंड में बर्फबारी के साथ-साथ बारिश की संभावना भी जताई गई है। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले कई दिनों में बर्फबारी के साथ-साथ बारिश भी हो सकती है और मौसम ज्यादा बिगड़ सकता है। वहीं प्रशासन ने ठंड से बचने के लिए जगह-जगह पर अलाव की व्यवस्था की है, जिससे पर्यटक और भक्त दोनों ही बर्फबारी का मजा ले सकें। 7 से लेकर 10 नवंबर तक मौसम शुष्क रहने का अनुमान है।

**चमोली, टिहरी, पिथौरागढ़, देहरादून, रुद्रप्रयाग और उत्तरकाशी में बारिश होने की संभावना**

उत्तराखंड के कुछ जिलों में भारी बारिश और घना कोहरा छाया रहेगा। चमोली, टिहरी, पिथौरागढ़, देहरादून, रुद्रप्रयाग और उत्तरकाशी में बारिश होने की संभावना है, जबकि पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। प्रशासन पर्यटकों को पर्वतीय क्षेत्रों में नहीं जाने की सलाह दे रहा है।

**बर्फबारी के बीच बद्रीनाथ की यात्रा चल रही है और भक्त दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं**

बर्फबारी के बीच बद्रीनाथ की यात्रा चल रही है और भक्त दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। मंदिर के कपाट 4 मई 2025 को खुले थे, जो नवंबर के महीने में बंद होंगे, जिसके बाद बाबा की पूजा-अर्चना के साथ उनकी विग्रह डोली को पांडुकेश्वर स्थित योग बदरी में विराजमान किया जाएगा।

**बद्रीनाथ में मौसम बहुत ठंडा हो चुका है और बीते दिन का अधिकतम तापमान -1° सेल्सियस और न्यूनतम तापमान -12° सेल्सियस तक रहा था**


इसे बाबा का शीतकालीन दूसरा घर भी कहा जाता है, जहां बाबा मंदिर के कपाट बंद होने तक विराजेंगे। शीतकाल के कुछ महीनों तक बाबा बद्रीनाथ की पूजा यहीं होगी। बद्रीनाथ में मौसम बहुत ठंडा हो चुका है और बीते दिन का अधिकतम तापमान -1° सेल्सियस और न्यूनतम तापमान -12° सेल्सियस तक रहा था। आने वाले कुछ दिनों में रुक-रुक कर बारिश हो सकती है।

## एक्टर विजय बने TVK के CM कैंडिडेट, 2026 में DMK से सीधा मुकाबला



महाबलीपुरम (एजेंसी)। साउथ सुपरस्टार विजय थलपति को उनकी पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम (TVK) ने 2026 तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया है। बुधवार को हुई विशेष जनरल काउंसिल मीटिंग में उन्हें गठबंधन तय करने का पूर्ण अधिकार भी दिया गया। करूर भगदड़ (27 सितंबर) में 41 लोगों की मौत के बाद विजय ने पहली बार कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 2026 का चुनाव DMK और TVK के बीच सीधा मुकाबला होगा और पार्टी को "100% जीत" का विश्वास है। विजय ने भगदड़ को लेकर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें अपने समर्थकों की मौत का गहरा दुख है। उन्होंने सरकार की जांच समिति पर उठे सवालों का भी ज़िक्र किया, जिसे बाद में सुप्रीम कोर्ट ने निलंबित कर दिया। विजय की पार्टी फरवरी 2024 में बनी थी और अब राज्यभर में चुनावी तैयारियों में जुटी है।

## भारतीय राजदूत विनय क्वात्रा ने पॉल कपूर का किया स्वागत, भारत-अमेरिका रिश्तों पर हुई गहन चर्चा




नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा ने वाशिंगटन डीसी स्थित अपने आधिकारिक आवास इंडिया हाउस में दक्षिण और मध्य एशिया मामलों के लिए अमेरिकी सहायक विदेश मंत्री पॉल कपूर का स्वागत किया। यह मुलाकात भारत-अमेरिका के बीच बढ़ते रणनीतिक, आर्थिक और क्षेत्रीय सहयोग को लेकर बेहद अहम मानी जा रही है। दोनों के बीच द्विपक्षीय संबंधों, इंडो-पैसिफिक रणनीति और क्षेत्रीय स्थिरता को लेकर गहन चर्चा हुई।

अमेरिकी विदेश विभाग के दक्षिण और मध्य एशिया ब्यूरो ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म 'एक्स' पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि वे राजदूत क्वात्रा के आभारी हैं, जिन्होंने उन्हें इंडिया हाउस में आमंत्रित किया और भारत-अमेरिका साझेदारी को आगे बढ़ाने पर सार्थक बातचीत की। इसी तरह, राजदूत विनय क्वात्रा ने भी 'एक्स' पर लिखा कि "सहायक विदेश मंत्री पॉल कपूर के साथ साझा प्राथमिकताओं और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर एक उपयोगी चर्चा हुई।" गौरतलब है कि भारतीय मूल के पॉल कपूर को हाल ही में ट्रंप प्रशासन में दक्षिण और मध्य एशिया मामलों का नया सहायक विदेश मंत्री नियुक्त किया गया है। उन्होंने डोनाल्ड लू का स्थान लिया है, जो सितंबर 2021 से जनवरी 2025 तक इस पद पर रहे। कपूर सुरक्षा और रणनीतिक मामलों के विशेषज्ञ हैं तथा भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग पर केंद्रित कई महत्वपूर्ण वार्ताओं का नेतृत्व कर चुके हैं।

कपूर कैलिफोर्निया के मोंटेरे स्थित यूएस नेवल पोस्टग्रेजुएट स्कूल में प्रोफेसर और हूवर इंस्टीट्यूशन में विजिटिंग फेलो हैं। इससे पहले वे अमेरिकी विदेश विभाग के नीति नियोजन स्टाफ में रह चुके हैं, जहां उन्होंने दक्षिण-मध्य एशिया, इंडो-पैसिफिक रणनीति और भारत-अमेरिका संबंधों पर कार्य किया था।

दिल्ली में जन्मे पॉल कपूर का भारत से गहरा जुड़ाव रहा है। उन्होंने जून में अमेरिकी सीनेट में कहा था कि "भारत से जुड़े इस पद पर काम करना मेरे जीवन का पूरा चक्र पूरा होने जैसा है।" कपूर के पिता भारतीय और मां अमेरिकी हैं, और वे बचपन में कई बार भारत आए थे। कपूर ने भारत-अमेरिका संबंधों की दिशा पर बोलते हुए कहा कि दोनों देशों के साझा हित मुक्त और खुले इंडो-पैसिफिक, बढ़ते व्यापार, तकनीकी सहयोग, और ऊर्जा साझेदारी में निहित हैं। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि अमेरिका अपने हितों के अनुसार पाकिस्तान के साथ सुरक्षा सहयोग जारी रखेगा। उनका विभाग क्षेत्रीय सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी प्रयासों और आर्थिक नीतियों में अहम भूमिका निभाएगा। यह मुलाकात न केवल दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी को नई गति देती है, बल्कि यह भी संकेत देती है कि भारत और अमेरिका आने वाले समय में वैश्विक मंच पर और मजबूत सहयोग की दिशा में आगे बढ़ेंगे।

## बिहार चुनाव: पहले चरण का मतदान गुरुवार को, सम्राट, तेजस्वी, विजय समेत कई नेताओं का भविष्य दांव पर

नई दिल्ली । बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान गुरुवार को होगा। इस चरण में प्रदेश के 121 सीटों के 3.75 करोड़ से अधिक मतदाता 1314 उम्मीदवारों के राजनीतिक भविष्य को तय करेंगे। इस चरण में कई दिग्गजों की किस्मत का फैसला भी मतदाता तय करेंगे जो चुनावी समर में ताल ठोक रहे हैं।

**पहले चरण के 121 सीटों पर एनडीए के 121 और महागठबंधन के 126 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं**

पहले चरण के चुनाव में जिन 121 सीटों पर मतदान होना है, उनमें से एनडीए के 121 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं, जबकि महागठबंधन के 126 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। एनडीए की ओर से भाजपा के 48 उम्मीदवार जबकि जदयू के 57, लोजपा (रामविलास) के 14 और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के दो प्रत्याशियों का भाग्य का फैसला होना है।

**महागठबंधन के 73 राजद, 24 कांग्रेस, 14 भाकपा माले, 5 वीआईपी, 3 माकपा, 5 भाकपा और 3 आईआईपी उम्मीदवारों का भविष्य मतदाता तय करेंगे**



जबकि महागठबंधन की ओर से इस चरण में राजद के 73, कांग्रेस के 24, भाकपा माले के 14, वीआईपी के पांच, माकपा के तीन और भाकपा के पांच सहित इंडियन इंकलाब पार्टी (आईआईपी) के तीन उम्मीदवारों का भविष्य मतदाता तय करेंगे।

**पहले चरण में 14 मंत्री उम्मीदवार हैं और 17 जिलों में मतदान होगा**

पहले चरण के चुनाव में कई दिग्गजों की किस्मत भी दांव पर लगी है। इनमें उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा और तेजस्वी यादव की किस्मत भी गुरुवार को मतदाता तय करेंगे। बताया गया कि इस चरण में 14 मंत्री भी उम्मीदवार हैं। पहले चरण में मधेपुरा, सहरसा, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, सीवान, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, खगड़िया, मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा, नालंदा, पटना और भोजपुर जिलों में मतदान होना है।

**पहले चरण के मतदान में कई पार्टियों के अध्यक्षों के भी भविष्य तय होंगे**

पहले चरण के मतदान में कई पार्टियों के अध्यक्षों के भी भविष्य तय होंगे। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा महनार से चुनावी मैदान में हैं जबकि रालोमो के अध्यक्ष मदन चौधरी पारू से और आईआईपी के इंद्रजीत प्रसाद गुप्ता सहरसा से चुनावी मैदान में हैं।

**इस चरण में मैथिली ठाकुर, खेसारी लाल यादव और कई चर्चित नेताओं का राजनीतिक भविष्य तय होगा**

इसके अलावा इस चरण के चुनाव में कई चर्चित चेहरों के राजनीतिक भविष्य तय होंगे। इनमें लोकगायिका मैथिली ठाकुर, शत्रुघ्न कुमार उर्फ खेसारी लाल यादव, पूर्व आईपीएस अधिकारी आनंद मिश्रा, सीवान के पूर्व सांसद शहाबुद्दीन के पुत्र ओसामा शहाब, परसा से पूर्व सीएम दारोगा राय की पोती करिश्मा राय शामिल हैं।

**इस चुनाव में मुख्य मुकाबला नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले एनडीए और तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाले महागठबंधन के बीच माना जा रहा है**

इस चुनाव में मुख्य मुकाबला नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले एनडीए और तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाले महागठबंधन के बीच माना जा रहा है। हालांकि कई क्षेत्रों में जन सुराज और एआईएमआईएम के प्रत्याशी भी पूरा जोर लगा रहे हैं।

# रॉयल पत्रिका

## संपादकीय....

## बांग्लादेश में अपने एजेंडे पर आगे बढ़ रहे कट्टरपंथी

बांग्लादेश में राजनीतिक और सुरक्षा के हालात तेजी से बदल रहे हैं। नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री मोहम्मद यूनुस को अस्थाई (इंटरिम) सरकार का मुखिया बनाए जाने के बाद वहां की सियासी तस्वीर में कट्टरपंथियों की सक्रियता बढ़ती दिख रही है। यूनुस के नेतृत्व वाली अस्थाई सरकार के गठन के अगले ही चरणों में देश की पुरानी राजनीत-ि और सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा असर देखने को मिला है। इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल ने उन्हीं दिनों सेना के 15 ऐसे अधिकारियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जो अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रति वफादार रहे थे। इन अधिकारियों पर लोगों के गायब कर दिए जाने, हिरासत में प्रताड़ना और हत्या जैसे संगीन आरोप हैं। साथ ही शेख हसीना की गिरफ्तारी के आदेश भी जारी किए गए हैं, जिससे राजनीतिक निशानेबाज़ी और शक्ति का फेर और पेचीदा हो गया है। यह पूरा माहौल देश में तीव्र बहस और बेइत-बेइमानी का कारण बन रहा है। सबसे चिन्ताजनक बात यह है कि कुछ कट्टरपंथी संगठनों ने खुलकर अपने ऐजेंडा को आगे बढ़ाना शुरू कर दिया है। दिसंबर 2024 में 'एंटी-डिस्क्रिमिनेशन स्टूडेंट मूवमेंट' नामक एक समूह ने खुद को 'आइआरए' (ISLAMIC REVOLUTIONARY ARMY) — यानी इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी आर्मी — के रूप में प्रस्तुत करते हुए एक सशस्त्र संगठन के गठन की घोषणा की थी। उनकी घोषणा के मुताबिक यह संगठन बांग्लादेश को धार्मिक-आधारित राज्य में तब्दील करने के मकसद से काम करेगा और सरकार को नए सरे से बदलने में सक्रिय भूमिका निभाएगा। आइआरए का खाका ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉरप्स (IRGC) की तर्ज पर खींचा जा रहा है। उनके बयान और रणनीति से यह संकेत मिलता है कि वे तेज़ तर्रार राजनीतिक और सैन्य प्रशिक्षण दोनों पर जोर देना चाह रहे हैं। योजना के मुताबिक लगभग 1,60,000 युवाओं की भर्ती और प्रशिक्षण का उद्देश्य मौजूदा राष्ट्रीय सेना के बराबर ताक़त हासिल करना बताया गया है। यदि यह दावे सच साबित हुए, तो देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए यह एक बड़ा खतरा बन सकता है। विश्लेषकों का कहना है कि ऐसे तत्वों की ओर बढ़ रहा ज़ोर सामाजिक-सियासी अतिवाद और अलगाव की नतीजा है। बेरोज़गारी, युवा नाखुशी, और राजनीतिक अस्थिरता ने ऐसे समूहों के लिए जमीन तैयार कर दी है जहाँ वे असंतोष को मज़बूत सैनिक इच्छाशक्ति में बदल सकें। दूसरी तरफ़ अदालतों और ट्रिब्यूनलों के कड़े कदम भी पलटवार का बहाना बन सकते हैं, जिससे दांव और तेज़ हो जाएं। बांग्लादेश की जनता, राजनीतिक हस्ती और अंतरराष्ट्रीय समुदाय अब आशंकित हैं कि अगर समय रहते समुचित क़दम न उठाए गए तो देश में हिंसक समरूपता और अधिकारों की पाबंदी बढ़ सकती है। लोकतंत्र और इंसाफ़ की मज़बूती की खातिर यह जरूरी होगा कि सरकारें और सिविल सोसायटी मिलकर युवा-नवजवानों के लिए रोज़गार, शिक्षा और समावेशी नीतियाँ पेश करें ताकि किसी भी तरह के इत्तिहाद-परस्त और हिंसक विचारधारा को फैलने का मौके न मिलें।

# नशे की लत: समाज के लिए बड़ी चुनौती

## -आर्थिक, मानसिक और सामाजिक कारण बन रहे हैं नशे की जड़



हमारा समाज जिस दिशा में बढ़ रहा है, वहाँ एक नई और गहरी चिंता सिर उठा रही है—नशे की लत। अब तक इसे प्रायः युवाओं की समस्या माना जाता था, लेकिन अब इसका दायरा बढ़ता जा रहा है। हाल के वर्षों में महिलाओं के बीच नशे की लत में तेजी से वृद्धि हुई है। यह प्रवृत्ति केवल स्वास्थ्य का नहीं, बल्कि समाज के भविष्य का भी गंभीर संकट बन रही है। हाल ही में राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले की एक दर्दनाक घटना ने इस खतरे को उजागर किया, जब नशे की ओवरडोज लेने से एक गर्भवती महिला के गर्भस्थ शिशु की मौत हो गई। यह घटना एक चेतावनी है—कि नशे का जाल अब समाज के उस वर्ग तक पहुँच गया है, जिसे अब तक हम सुरक्षा, स्नेह और अनुशासन का प्रतीक मानते रहे हैं।

**महिलाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति: एक सामाजिक संकेत**

महिलाएं भारतीय परिवार की धुरी होती हैं। घर की नींव, बच्चों की पहली शिक्षक और संस्कार देने वाली पहली संस्था मां ही होती है। ऐसे में अगर वही नशे की गिरफ्त में आ जाए, तो इसका असर केवल उसके शरीर या जीवन तक सीमित नहीं रहता; यह परिवार, बच्चों और समाज की जड़ों तक पहुँच जाता है। पिछले कुछ वर्षों में कई सर्वेक्षणों और रिपोर्टों में यह सामने आया है कि महानगरों से लेकर छोटे कस्बों तक महिलाएं शराब, ड्रग्स, सिगरेट, अफीम, चरस, स्मैक और सिंथेटिक ड्रग्स की गिरफ्त में आने लगी हैं। खासतौर पर 18 से 35 वर्ष की आयु वर्ग की महिलाएं इस लत से सबसे अधिक प्रभावित हो रही हैं। पहले जहां यह प्रवृत्ति केवल पुरुषों तक सीमित थी, वहीं अब यह लिंग भेद मिटाते हुए समाज के हर तबके में पैर पसार रही है।

**कारण: क्यों बढ़ रही है महिलाओं में नशे की प्रवृत्ति**

महिलाओं के नशे की गिरफ्त में आने के पीछे कई गहरे सामाजिक और मानसिक कारण हैं। मानसिक तनाव और अवसाद – आधुनिक जीवन की भागदौड़, प्रतिस्पर्धा, सामाजिक अपेक्षाएं और घरेलू कलह के बीच महिलाएं अक्सर मानसिक दबाव में रहती हैं। कई बार यह दबाव अवसाद का रूप ले लेता है, और फिर राहत की तलाश में महिलाएं नशे का सहारा ले लेती हैं। आर्थिक तंगी और असुरक्षा – गरीब तबके की महिलाएं अक्सर काम के बोझ और आर्थिक असुरक्षा से जूझती हैं। ऐसे में नशा उन्हें कुछ देर के लिए 'भूल जाने' का भ्रम देता है। फैशन और सोशल इन्फ्लुएंस – शहरी समाज में 'सोशल ड्रिंकिंग' या पार्टी कल्चर को आधुनिकता का प्रतीक मान लिया गया है। कई महिलाएं इसे स्टेटस सिंबल की तरह अपनाती हैं और धीरे-धीरे इसकी आदी हो जाती हैं। टूटी हुई पारिवारिक संरचना – परिवारों में संवाद की कमी, पति-पत्नी के बीच तनाव, एकल परिवार की बढ़ती प्रवृत्ति ने महिलाओं को भावनात्मक रूप से कमजोर बनाया है। ऐसे में कई महिलाएं अकेलेपन को मिटाने के लिए नशे की शरण में चली जाती हैं। आसानी से उपलब्धता – अब नशे का सामान गांव-कस्बों तक पहुंच गया है। ड्रग्स और शराब की अवैध बिक्री पर नियंत्रण कमजोर हुआ है। इसी वजह से महिलाएं भी आसानी से इस तक पहुँच पा रही हैं।

**एक सामाजिक रोग में बदलता नशा**

पहले नशा एक व्यक्तिगत कमजोरी या 'आदत' के रूप में देखा जाता था, लेकिन अब यह समाज की नसों में घुलता जा रहा है। जब घर की महिलाएं, जो एक पीढ़ी को संस्कार देती हैं, खुद इस गिरफ्त में आती हैं तो उसके दुष्प्रभाव दूरगामी होते हैं। नशे की वजह से न सिर्फ महिला का स्वास्थ्य बिगड़ता है, बल्कि परिवार का आर्थिक ढांचा भी हिल जाता है। बच्चों की परवरिश प्रभावित होती है, घरेलू हिंसा बढ़ती है और समाज में अपराध भी बढ़ते हैं। नशा उस आत्म-संयम को खत्म कर देता है जो किसी भी सभ्य समाज की बुनियाद होता है।

**महिलाओं पर नशे के स्वास्थ्यगत प्रभाव**

महिलाओं का शरीर नशे के प्रभाव को पुरुषों की तुलना में अधिक तेजी से झेलता है। गर्भवती महिलाओं पर असर: नशा गर्भस्थ शिशु के विकास को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। नशे के सेवन से बच्चे का जन्म वज़न कम होता है, वह मानसिक या शारीरिक रूप से विकलांग पैदा हो सकता है। हार्मोनल असंतुलन: नशा महिलाओं के हार्मोनल सिस्टम को बिगाड़ देता है, जिससे मासिक चक्र की अनियमितता, प्रजनन संबंधी दिक्कतें और मानसिक अस्थिरता पैदा होती है। मानसिक रोगों का खतरा: नशे के बाद महिलाओं में अवसाद, चिंता, घबराहट, और आत्महत्या की प्रवृत्ति बढ़ जाती है।

**सरकारी उदासीनता और नीतिगत कमी**

वर्ष 2024 में राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने भी संसद में यह मुद्दा उठाया था कि देश में महिलाओं में नशे की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है और इसके लिए अलग से नीतियां बननी चाहिए। लेकिन अफसोस, अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। वर्तमान में अधिकांश नशा मुक्ति केंद्र पुरुषों पर केंद्रित हैं। महिलाओं के लिए सुविधाएं सीमित हैं, और जो हैं भी, वहाँ सामाजिक कलंक और असुरक्षा की वजह से महिलाएं जाने से कतराती हैं। सरकार को चाहिए कि वह महिलाओं के लिए अलग नशा मुक्ति नीति बनाए, जिसमें परामर्श, पुनर्वास और रोजगार के अवसरों को जोड़ा जाए। नशा मुक्ति केंद्रों में महिला चिकित्सक और काउंसलर नियुक्त किए जाएं ताकि पीड़ित महिलाएं खुलकर अपनी बात कह सकें।

**समाज की भूमिका: केवल कानून काफी नहीं**

नशे की लत का समाधान केवल कानून बनाकर नहीं किया जा सकता। यह एक सामाजिक समस्या है, जिसका हल समाज की भागीदारी से ही संभव है। परिवार में संवाद बढ़ाना जरूरी है। माता-पिता को अपने बच्चों, खासकर बेटियों के साथ संवाद का रिश्ता बनाना चाहिए। स्कूलों और कॉलेजों में नशा विरोधी शिक्षा को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। महिला स्वयंसेवी संगठनों को इस दिशा में काम करना चाहिए कि जो महिलाएं नशे की गिरफ्त में हैं, उन्हें सहारा, सलाह और पुनर्वास का अवसर मिले। मीडिया और सिनेमा को भी जिम्मेदारी दिखानी होगी। नशे को ग्लैमर की तरह पेश करने से बचना चाहिए।

**धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण**

भारतीय संस्कृति में नशे को हमेशा से नकारा गया है। चाहे वह गीता की संयम साधना हो या कुरान की "हराम" की अवधारणा—हर धर्म ने इंसान को अपने होश और समझ पर काबू रखने की सीख दी है। महिलाएं जब इस संयम की धारा से भटकती हैं तो समाज की आत्मा आहत होती है। यह जरूरी है कि धार्मिक संस्थान भी नशा विरोधी अभियानों में अपनी भूमिका निभाएं। मस्जिदों, मंदिरों और गुरुद्वारों में नशा मुक्ति के संदेश नियमित रूप से दिए जाएं।

**शिक्षा और रोजगार से समाधान की राह**

नशे की जड़ केवल मनोवैज्ञानिक नहीं, बल्कि सामाजिक-आर्थिक भी है। अगर महिलाओं को शिक्षा, स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता का अवसर मिलेगा, तो वे इस दलदल से खुद निकल सकती हैं। सरकार को महिलाओं के लिए रोजगार के छोटे प्रोजेक्ट, सेल्फ हेल्प ग्रुप्स, और स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम को नशा प्रभावित इलाकों में प्राथमिकता देनी चाहिए। जो महिलाएं नशे से बाहर आना चाहती हैं, उन्हें आर्थिक सहायता और पुनर्वास पैकेज दिए जाएं ताकि वे नया जीवन शुरू कर सकें।

**मनोवैज्ञानिक सहयोग और परामर्श की आवश्यकता**

महिलाओं के लिए नशा मुक्ति की प्रक्रिया केवल शारीरिक नहीं होती; यह मानसिक और भावनात्मक यात्रा भी है। इसलिए— प्रत्येक जिला अस्पताल में महिला मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केंद्र खोले जाने चाहिए। ऑनलाइन हेल्पलाइन नंबर जारी किए जाएं, जहाँ महिलाएं गोपनीय रूप से सलाह ले सकें। गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष काउंसलिंग सत्र हों, जिसमें बताया जाए कि नशा शिशु के जीवन को कैसे प्रभावित करता है।

**मीडिया, सिनेमा और सोशल प्लेटफॉर्म की जिम्मेदारी**

आज की पीढ़ी सोशल मीडिया और सिनेमा से गहराई से प्रभावित होती है। फिल्मों और वेब सीरीज़ में जब नशे को आधुनिकता या बगावत के रूप में दिखाया जाता है, तो समाज में गलत संदेश जाता है। मीडिया को चाहिए कि वह नशा मुक्ति अभियानों, सफल पुनर्वास कहानियों और महिला सशक्तिकरण को प्रमुखता से दिखाए। इससे समाज में सकारात्मक संदेश जाएगा कि नशे से बाहर आना संभव है।

**नशा मुक्ति अभियान को महिला केंद्रित बनाना होगा**

वर्तमान नशा मुक्ति अभियानों में महिलाओं की भागीदारी बहुत कम है। अब यह जरूरी है कि— नशा मुक्ति दिवस या सप्ताह के दौरान महिलाओं के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित हों। ग्राम पंचायत स्तर पर महिला नशा मुक्ति समितियां बनाई जाएं। आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ता को इस अभियान से जोड़ा जाए ताकि वे घर-घर जाकर जागरूकता फैला सकें।

---

महिला क्रिकेट
विवेक शुक्ला



## छोटे शहरों की बेटियां करतीं सपने साकार

बीते 2 नवंबर का वह ऐतिहासिक पल, जब नवी मुंबई के दर्शकों से खचाखच भरे डी.वाई. पाटिल स्टेडियम में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर पहली बार आईसीसी महिला ओडीआई विश्व कप पर कब्जा जमाया। गौर करें कि इस विजयी टीम की अधिकांश खिलाड़ी छोटे शहरों या ग्रामीण इलाकों से आ रही हैं। क्या यह संकेत है कि अब छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रो से भारत को बड़े खिलाड़ी मिलेंगे? बिल्कुल हां। अगर भारतीय क्रिकेट के गुजरे दौर के पन्नों को खंगाले तो पता चलेगा कि हमारे देश की क्रिकेट का इतिहास हमेशा से बड़े महानगरों जैसे मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु, कोलकाता, चेन्नई के इर्द-गिर्द घूमता रहा है। छोटे शहरों से आने वाले खिलाड़ी अपवाद थे। महिला क्रिकेट में भी यही सिलसिला चला। 1980-90 के दशक में मिताली राज (हैदराबाद) या झूलन गोस्वामी (कोलकाता के उपनगर से) जैसी दिग्गजों ने रास्ता दिखाया, लेकिन टीम का कोर हमेशा बड़े शहरों से ही रहा। लेकिन 2025 विश्व कप की भारतीय टीम में परिवर्तन स्पष्ट है। 15 सदस्यीय स्क्वॉड में कम से कम 10 खिलाड़ी छोटे शहरों या ग्रामीण पृष्ठभूमि से हैं। उदाहरण के लिए, शेफाली वर्मा का संबंध रोहतक से है, जहां क्रिकेट अकादमियां सीमित हैं। शेफाली ने स्थानीय क्लब से शुरुआत की और 16 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया। इसी तरह, दीप्ति शर्मा आगरा से हैं, जहां ताजमहल की छाया में क्रिकेट का सपना देखना आसान नहीं था। दीप्ति ने घर पर ही नेट प्रैक्टिस की शुरुआत की, और आज वे विश्व कप की हीरो हैं। नई पीढ़ी की ये लड़कियां और भी प्रेरणादायक हैं। उमा चेत्री, असम के सिलचर जिले के एक छोटे से गांव से, जहां बाढ़ और गरीबी आम हैं, ने विकेटकीपिंग में अपनी छाप छोड़ी। उनकी कहानी फिल्मी लगती है, स्कूल के मैदान पर गेंद पकड़ते हुए सपने बुनना, फिर राज्य स्तर पर चयन, और विश्व कप फाइनल में योगदान। मध्य प्रदेश के छतरपुर से आती हैं क्रांति गौड़, जिन्होंने खेतों के बीच गेंदबाजी सीखी। वे स्पिनर हैं और विश्व कप में अपनी किफायती गेंदबाजी से दक्षिण अफ्रीका को परेशान किया। श्री चरनी आंध्र प्रदेश के एक पिछड़े क्षेत्र से संबंध रखती हैं, जहां क्रिकेट इंफ्रास्ट्रक्चर न के बराबर है। ये नाम न सिर्फ टीम की ताकत हैं, बल्कि छोटे शहरों की प्रतिभाओं का प्रमाण है। भारतीय महिला टीम के 2025 स्क्वॉड में 70 फीसदी खिलाड़ी गैर-महानगरीय पृष्ठभूमि से हैं, जो 2017 विश्व कप स्क्वॉड (जिसमें 40 फीसदी थे) से दोगुना है। यह बदलाव रातोंरात नहीं हुआ। कई कारक जिम्मेदार हैं। सबसे पहले, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का महिला क्रिकेट पर बढ़ता फोकस। 2013 के बाद से, बीसीसीआई ने घरेलू टूर्नामेंट्स जैसे सीनियर महिला ट्रॉफी और सुपर लीग में छोटे राज्यों को अधिक मौके दिए। इससे झारखंड, असम, तेलंगाना जैसे राज्यों से प्रतिभाएं उभरीं। दूसरा, डिजिटल क्रांति का योगदान। यूट्यूब, इंस्टाग्राम और टिकटॉक पर कोचिंग वीडियो उपलब्ध होने से छोटे शहरों की लड़कियां घर बैठे सीख रही हैं। तीसरा, सरकारी योजनाएं। 'खेलो इंडिया' और 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' जैसी पहलों ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाया। असम सरकार ने उमा चेत्री जैसे खिलाड़ियों के लिए विशेष छात्रवृत्ति दी। चौथा, महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का प्रभाव। 2023 से शुरू हुई डब्ल्यूपीएल ने छोटे शहरों की लड़कियों को प्लेटफॉर्म दिया, जहां वे बड़े कोचों से सीख सकें। लेकिन चुनौतियां भी हैं। छोटे शहरों में सुविधाओं की कमी, जैसे अच्छे ग्राउंड, कोचिंग सेंटर या यहां तक कि सुरक्षित यात्रा, अभी भी बाधा हैं। लैंगिक पूर्वाग्रह भी एक मुद्दा है; कई परिवारों में लड़कियों को क्रिकेट खेलने की अनुमति देना ही बड़ी जीत होती है। फिर भी, ये बेटियां साबित कर रही हैं कि सपने शहर की सीमा नहीं मानते। विश्व कप जीत के बाद, रोहतक में शेफाली के सम्मान समारोह में हजारों लड़कियां मैदान पर उतरीं, जो भविष्य की प्रतिभाओं का संकेत है। यह ट्रेंड सिर्फ महिला क्रिकेट तक सीमित नहीं। पुरुष क्रिकेट में भी छोटे शहरों से खिलाड़ी आ रहे हैं। लेकिन महिलाओं में यह ज्यादा तेजी से हो रहा है, क्योंकि क्रिकेट अब लैंगिक बाधाओं को तोड़ रहा है। कुल मिलाकर बात ये है कि अब छोटे शहरों से भारत के बड़े खिलाड़ी आने लगे हैं। 2025 महिला विश्व कप जीत इसका जीवंत प्रमाण है। यह बदलाव क्रिकेट को अधिक समावेशी बना रहा है, जहां प्रतिभा का जन्म स्थान मायने नहीं रखता। लेकिन इसके लिए हमें और निवेश चाहिए, ग्रामीण अकादमियां, महिला कोचिंग प्रोग्राम और जागरूकता। जैसा कि हरमनप्रीत कौर ने फाइनल के बाद कहा, 'यह जीत उन सभी छोटे शहरों की बेटियों के लिए है जो सपने देख रही हैं।'

*( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*


## जीवन प्रक्रिया की छानबीन



संकलित
**दर्शन**

योग किसी धर्म-संप्रदाय से नहीं जुड़ा है। योग प्रेम, अहिंसा, करुणा और सबको साथ लेकर चलने की बात करता है। योग धर्म, जाति, वर्ण, क्षेत्र या भाषा के आधार पर जन्मे भेदभाव से परे है, इसलिए इसमें पूरी दुनिया को एक परिवार के तौर पर बांधने की क्षमता है। योग, जीवन-प्रक्रिया की छानबीन है। यह सभी धर्मों से पहले अस्तित्व में आया और इसने मानव के सामने संभावनाओं को खोलने का काम किया, जिससे इंसान प्रकृति द्वारा तय की गई सीमाओं से परे जा सके। आंतरिक व आत्मिक विकास, मानव कल्याण व मुक्ति से जुड़ा यह विज्ञान भावी पीढ़ी के लिए एक महानतम उपहार है। आज योग विज्ञान जितना महत्वपूर्ण है, इससे पहले यह कभी इतना महत्वपूर्ण नहीं रहा। क्योंकि आज हमारे पास विज्ञान और तकनीक के तमाम साधन मौजूद हैं, जो इस दुनिया को बना और मिटा सकते हैं। ऐसे में यह बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है कि हमारे भीतर जीवन के प्रति जागरूकता और ऐसा भाव बना रहे कि हम हर दूसरे प्राणी को अपना ही अंश महसूस कर सकें, वरना अपने सुख और भलाई के पीछे की हमारी दौड़ सब कुछ बर्बाद कर देगी। अगर दुनिया की कुछ आबादी भी योग और ध्यान के मार्ग पर चलने लगे तो निश्चित तौर पर दुनिया की गुणवत्ता और स्तर में सुधार आएगा। जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण में विस्तार व व्यापकता लाने में ही मानव-जाति की सभी समस्याओं का समाधान है। उसे निजता से सार्वभौमिकता या समग्रता की ओर चलना होगा।


## तुलसीदास जी द्वारा श्रीराम के दर्शन का उपाय



संकलित
**प्रेरणा**

एक ब्राह्मण दिनभर गोस्वामी जी के कुटिया के बाहर बैठकर लोभवश राम-राम रटता। संध्या के समय श्रीहनुमान जी उसे धन दे देते थे। एक वार उसने भगवान के दर्शन के लिए बड़ा हठ किया। गोस्वामी जी ने कहाः उसके लिए प्रेम और भाव चाहिए, संत की कृपा चाहिए। ऐसे ही एकदम भगवान नहीं मिलते। उसने कहाः आप समर्थ महापुरुष है, आप भगवान्‌ के दर्शन करवा सकते है। वह हठ पर अड़ गया। गोस्वामी जी ने कहाः ठीक है यहाँ सामने इस पेड़ पर चढ़ जाओ, पेड़ के नीचे त्रिशूल गाढ़ दो और उस त्रिशूल पर कूद पडो। भगवान्‌ के दर्शन हो जायेंगे। वह त्रिशूल गाडकर वृक्षपर चढ़ा, परंतु कूदने की हिम्मत नहीं हुई। एक घुडसवार उधर से जा रहा था, उसने पूछाः पेड़ पर क्या कर रहे हो? ब्राह्मण बोलाः तुलसीदास जी ने कहा है पेड़ पर से त्रिशूल पर कूदो तुम्हे भगवान्‌ श्रीराम के दर्शन होंगे। उस व्यक्ति ने कहाः क्या सच में यह बात तुलसीदास जी के श्रीमुख से निकली है? ब्राह्मण बोलाः जी हाँ ! वह व्यक्ति तुरंत पेड़ पर चढ़कर त्रिशूलपर कूद पडा। उसे भगवान ने आकर हाथ से पकड़ लिया और उसे श्रीराम के दर्शन प्राप्त हो गये। हनुमान जी ने उसे तत्त्वज्ञान का उपदेश भी दिया। गोस्वामी जी ने सत्य ही कहा था, जिनमें प्रेम-भाव हो एवं संत की कृपा हो वही भगवान के दर्शन पाता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### जीरो टैक्स या पूर्ण नेट बैंकिंग में छिपी देश की समृद्धि

जीरो टैक्स से व्यापारी अपनी ताकत हिसाब-किताब में लगाने के बजाय, व्यापार पर और अधिक तवज्जो देने के साथ-साथ, प्रतिदिन अधिक से अधिक धन बैंक में जमा करवा सकता है। इससे देश में धन संचालन और अधिक बढ़ जाएगा, जो विकास को चार चांद लगा सकता है। इसमें कोई संदेह नहीं कि व्यक्तिगत विकास से लेकर समूचे देश के विकास में धन ही रीढ़ की हड्डी तुल्य है। अभी हमारे नीति निर्धारकों को जीरो टैक्स का औचित्य शायद अटपटा लगे, तो विकल्प के रूप में पैसे का लेन-देन पूर्णतः नेट बैंकिंग के द्वारा हो जाए, तो करदाता हिसाब-किताब से अनिश्चितता की तलवार से निश्चित ही राहत पाएगा। फलस्वरूप भ्रष्टाचार जड़ से खत्म हो जाएगा तथा देश समृद्ध होगा। *- विनोद गुप्ता, दुर्ग*

## ट्रेंड

### बिहार में 'स्वर्णयुग'



आरजेडी के 15 वर्षों के कुशासन ने बड़े-बड़े दुर्दांत जातीय नरसंहार बिहार के अंदर करवाए थे। यहां अधिकारी नहीं, अपराधी सत्ता के समानांतर व्यवस्था का संचालन करते थे। मगर आज एनडीए के नेतृत्व में बिहार का 'स्वर्णयुग' चल रहा है। यहां एक बार फिर एनडीए की सरकार बन रही है।
**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### अवैध संपति



जिनके करीबी और सहायक अधिकारी के पास 100 करोड़ की अवैध संपति मिली है तो सोचिए उनके पास खुद कितनी दौलत होगी और उनके उस 'ऊपरवाले' के पास कितनी, जिनके आशीर्वाद से वो बचे हैं।
**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### सबसे बड़ा आदिवासी



हेमंत सोरेन ने हाजी हुसैन अंसारी के निधन के बाद उनके बेटे हाफिजुल हसन को मंत्री बनाया था, लेकिन रामदास सोरेन के निधन के बाद उनके बेटे को मंत्री नहीं बनाया क्योंकि रामदास सोरेन आदिवासी थे। हेमंत खुद को सबसे बड़ा आदिवासी समझते हैं, बाकी आदिवासियों को हीन समझते हैं।
**-बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड**

### महिलाओं के अधिकार



भारतीय महिलाओं को कितनी बार अपनी ताकत, लचीलापन और अपने राष्ट्र का सच्चा गौरव साबित करना पड़ता है? और फिर भी उन्हें अपनी गरिमा, सम्मान और अपने अधिकारों के लिए लड़ना पड़ता है।
**- शेखर कपूर, फिल्मकार**

## करंट अफेयर

### पाक में पुरातात्विक खुदाई में आठ स्थलों का पता चला



पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में स्वात से तक्षशिला तक फैले क्षेत्र में चल रही पुरातात्विक खुदाई के दौरान आठ प्राचीन स्थलों का पता चला है जिसे एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। इटली के पुरातत्वविदों ने खैबर पख्तूनख्वा पुरातत्व निदेशालय के सहयोग से इन प्राचीन स्थलों का पता लगाया है। स्वात के बारिकोट में लगभग 1,200 साल पुराने एक छोटे मंदिर के अवशेष मिले हैं, जो इस क्षेत्र की सांस्कृतिक और सभ्यतागत विरासत का दुर्लभ प्रमाण है। इतालवी पुरातत्व मिशन के निदेशक डॉ. लुका ने बताया कि बारिकोट (प्राचीन बज़ीरा) में खुदाई के दौरान छोटे मंदिर के अवशेष मिले हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर और आसपास की पुरातात्विक परतों के चारों ओर एक सुरक्षात्मक 'बफर ज़ोन' स्थापित करने के लिए खुदाई क्षेत्र का विस्तार स्वात नदी की ओर कर दिया गया है। 'खैबर पथ परियोजना' नामक इस तीन वर्षीय पहल के तहत, 400 से अधिक स्थानीय श्रमिकों को खुदाई, संरक्षण और विरासत प्रबंधन में व्यावहारिक प्रशिक्षण के साथ-साथ रोजगार के अवसर प्रदान किये जायेंगे। एक जून से शुरू हुई इस परियोजना का उद्देश्य प्रांत में क्षेत्रीय विकास, व्यावसायिक क्षमता निर्माण और पर्यटन को बढ़ावा देना है।

## ऑफ बीट

### मानव- मेंढक संबंधों का इतिहास जटिल रहा है



दरअसल, मेंढकों के प्रति हमारा आकर्षण नया नहीं है। जैसा कि हमारे शोध से पता चला है, मानव-मेंढक संबंधों का इतिहास लंबा और जटिल है – और यह सब अच्छा नहीं है। हम मेंढकों से प्यार क्यों करते हैं? मेढकों से सचमुच प्रेम करने वाले लोगों का एक समृद्ध इतिहास है। यह दिलचस्प है, क्योंकि बहुत से लोग सरीसृपों और उभयचरों की तुलना में स्तनधारियों और पक्षियों को अधिक पसंद करते हैं। लेकिन मेंढक एक अपवाद है – कई कारणों से। लोग बच्चों जैसे चेहरों की ओर आकर्षित होते हैं। मेंढकों की कई प्रजातियों में बड़ी आंखें होती हैं। न दांत और न नुकीले पंजे होने के कारण, वे तुरंत खतरनाक भी नहीं लगते, जबकि उनमें से कई की त्वचा का रंग सुंदर होता है और कुछ अविश्वसनीय रूप से छोटे होते हैं। मेंढक वास्तव में प्राकृतिक दुनिया के गहनों में से हैं, टोड के विपरीत, जो – अपने अधिक सांसारिक रंगों और 'मस्सेदार त्वचा' के साथ – आमतौर पर अधिक लोगों का पसंद नहीं आते हैं। इनकी सुंदरता हमें उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के घने वर्षावनों में अधिकांश लोगों की दृष्टि से छिपी जीवंत प्रकृति की व्यापक संपदा से जोड़ती है। और वे हमें हमारे अपने आंगन में प्रकृति से भी जोड़ते हैं।

रॉयल पत्रिका

# प्रदेशभर में सख्त सड़क सुरक्षा अभियान शुरू - 15 दिन चलेगा विशेष मॉनिटरिंग ड्राइव

## -मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर 4 से 18 नवम्बर तक चलेगा राज्यव्यापी सड़क सुरक्षा अभियान

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार राज्य में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए राज्यभर में 4 नवम्बर से 18 नवम्बर तक 15 दिवसीय सड़क सुरक्षा अभियान शुरु किया गया है। प्रदेश में अभियान के तहत सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, यातायात नियमों को सख्ती से लागू करने तथा आपातकालीन सहायता प्रणाली को सुदृढ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा गृह विभाग से समेकित रिपोर्ट प्राप्त कर सड़क सुरक्षा अभियान की सघन मॉनिटरिंग की जा रही है। इस अभियान के सफल संचालन हेतु विभागवार जिम्मेदारियां तय कर दी गई हैं। पुलिस विभाग को इसकी नोडल एजेंसी एवं फील्ड को-ऑर्डिनेटर बनाया गया है, जो सम्पूर्ण प्रदेश में अभियान का फील्ड-लेवल समन्वय एवं पर्यवेक्षण सुनिश्चित कर रहा है। विभाग द्वारा शराब पीकर, तेज गति से, गलत दिशा में या खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वालो के विरुद्ध विशेष प्रवर्तन अभियान शुरु किया जा रहा है तथा बिना रिफ्लेक्टर या नंबर प्लेट वाले वाहनों पर विधिक कार्रवाई प्रारंभ की गई है। सभी राजमार्गों और प्रमुख सड़कों पर संबधित थाना एवं यातायात टीमें प्रभावी कार्रवाई के लिए तैनात कर दी गई हैं। साथ ही,यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि हाईवे मोबाइल यूनिट एवं एम्बुलेस निर्धारित मानको के अनुसार कार्यरत है। सभी छह लेन राजमार्गों पर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-48 मॉडल के अनुरूप लेन ड्राइविंग सिस्टम लागू किया जाएगा।



**शराब सेवन तथा ओवरस्पीड मामलों में चालकों के ड्राइविंग लाइसेस निलंबित**

सड़क सुरक्षा अभियान में परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा ओवरलोडिंग, अनाधिकृत संचालन, फिटनेस उल्लंघन इत्यादि पर सख्त कार्रवाई करने के साथ ही, शराब सेवन तथा ओवरस्पीड मामलों में चालकों के ड्राइविंग लाइसेस निलम्बन/निरस्तीकरण की कार्यवाही शुरु की गई है। विभाग द्वारा वाहन चेकिंग अभियान, रिफ्लेक्टर टेप लगवाने, सड़क सुरक्षा कार्यशालाएँ एवं जन जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं।

**हटेंगे अवैध ढाबे और अनाधिकृत संरचनाएं**

अभियान में सार्वजनिक निर्माण विभाग, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण सहित संबंधित एजेंसियों द्वारा सभी राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर अनाधिकृत कट 15 दिनों में बंद किए जाएंगे। विभाग द्वारा सभी सड़को पर व्हाइट लाइनिंग कार्य कराने, डिवाइडर अथवा मीडियन पर रेलिंग या सुरक्षा जाल लगाने, सड़क किनारे झाड़ियाँ हटाने तथा पटरी एवं गड्डों की मरम्मत का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। नियमानुसार चेतावनी, संकेतक एवं साइन बोर्ड लगाने के साथ ही अवैध ढाबे, बस स्टैंड एवं अनाधिकृत संरचनाएं भी हटाना शुरु कर दिया गया है। दुर्घटना संभावित अनअटेंडेड पशुओं को सुरक्षित स्थान पर भेजने हेतु कार्ययोजना बनाने से लेकर सर्विस लेन तथा ट्रक चालकों हेतु विश्राम स्थलों की समीक्षा की जाएगी।

**45 वर्ष से अधिक आयु के वाहन चालकों का होगा नेत्र परीक्षण**

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 45 वर्ष से अधिक आयु के सभी वाहन चालकों के नेत्र परीक्षण के लिए अभियान चलाया जाएगा। साथ ही, एम्बुलेंस की उपलब्धता, ट्रॉमा सेंटर एव निकटवर्ती अस्पतालो की व्यवस्थाओं को भी और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा, ताकि प्रभावितों को त्वरित चिकित्सकीय सुविधा मिल सके। अभियान के तहत नगरीय विकास एवं स्थानीय निकाय विभाग द्वारा भी फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त करने के साथ ही ट्रैफिक सिग्नलिंग सिस्टम व सड़क प्रकाश व्यवस्था का दुरुस्तीकरण तथा जन-जागरूकता हेतु बैनर, पोस्टर एव डिजिटल डिस्प्ले लगाए जा रहे हैं। शहरी क्षेत्रों में भारी वाहनों की नो एंट्री सीमा एवं समय निर्धारण का भी पुनः परीक्षण किया जा रहा है।

**अत्यधिक समय तक वाहन चलवाने पर दंडात्मक कार्यवाही**

सड़क सुरक्षा अभियान के तहत ट्रांसपोर्ट कपनियों पर चालकों से अत्यधिक समय तक वाहन चलवाने की शिकायतों की जांच कर श्रम विभाग द्वारा दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। चालकों के कार्य घंटे व विश्राम समय की पालना सुनिश्चित करने हेतु निरीक्षण एवं जागरूकता अभियान शुरु किया गया है। इस संबंध में सभी जिलों स्तरीय अधिकारियों द्वारा मॉनिटरिंग की जा रही है। जिला स्तर पर अभियान के प्रभावी संचालन के लिए जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से जिला सड़क सुरक्षा समिति के माध्यम से अभियान की मॉनिटरिंग की जा रही है। अभियान के माध्यम से एनजीओ, स्वयसेवी संस्थाएँ एव स्थानीय युवाओं को जोड़ने, तथा हेलमेट, सीट बेल्ट, मोबाइल उपयोग निषेध, डिपर उपयोग आदि का विशेष प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है। साथ ही, दुर्घटना पीड़ितों की सहायता करने वाले नागरिकों को सम्मानित भी किया जा रहा है।

# वंदे मातरम्@150 कार्यक्रम के दिव्य एवं भव्य आयोजन की तैयारियां जोरों पर

**- 7 नवम्बर को एसएमएस स्टेडियम में होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन**

**- अधिकारियों को आयोजन के लिए आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने के दिये निर्देश**

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राष्ट्रगीत "वंदे मातरम्" के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वंदे मातरम्@150 कार्यक्रम के दिव्य एवं भव्य आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। शुक्रवार, 7 नवम्बर को एसएमएस स्टेडियम में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन होगा। बुधवार को एसएमएस स्टेडियम में पर्यटन विभाग के प्रमुख शासन सचिव राजेश कुमार यादव ने आयोजन की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार कार्यक्रम को देश भक्ति की भावना से ओत-प्रोत करने, स्थानीय कलाकारों तथा आमजन की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसमें सभी सरकारी, गैर सरकारी, शिक्षण संस्थानों विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों तकनीकी मेडिकल कॉलेज, एनसीसी, एनएसएस स्कॉउड गाइड की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश भी सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को दिए है। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए आरएसी, पुलिस, स्कूल सहित कुल पांच बैंड की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होने कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजामात करने के निर्देश पुलिस को दिए। उन्होंने सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल पर प्रदर्शनी, हॉर्डिंग्स सहित कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए है। उन्होने विद्यालय, महाविद्यालय व विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को लाने ले जाने के लिए बसों की व्यवस्था करने के निर्देश आरटीओ को दिए है। इस दौरान उन्होंने स्टेज, बैठक व्यवस्था, दरवाजों की सजावट आदि कर कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने के निर्देश भी सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को दिए। इस दौरान शासन सचिव युवा मामले खेल विभाग डॉ. नीरज के पवन, जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, आयुक्त नगर निगम जयपुर हैरिटेज निधि पटेल, मुख्य कार्यकारी जिला परिषद जयपुर प्रतिभा वर्मा सहित पुलिस प्रशासन के संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम ' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेश भर में राज्य के साथ-साथ जिले, ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर तक आगामी 7 नवम्बर 2025 से विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम 7 नवम्बर को जयपुर के एस.एम.एस. स्टेडियम में आयोजित होगा। कार्यक्रम में सभी सरकारी और गैर-सरकारी शिक्षण संस्थान, विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, तकनीकी महाविद्यालय, मेडिकल एवं पैरामेडिकल कॉलेज,



इंजीनियरिंग कॉलेज, एनसीसी, एनएसएस, हिंदुस्तान स्काउट गाइड, पुलिस एवं आरएसी के जवान, सामाजिक संगठन और आमजन की भागीदारी रहेगी। इस अवसर पर भव्य 'वंदे मातरम ' गायन, 50 हजार तिरंगा झंडों का वितरण, स्कूल, पुलिस एवं आर्मी की बैंड प्रस्तुतियाँ तथा महापुरुषों की प्रदर्शनी जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों, एनसीसी कैडेट्स, शिक्षकों व आम नागरिकों द्वारा देशभक्ति के माहौल में सामूहिक राष्ट्रगान के साथ 'वंदे मातरम' गायन का ऐतिहासिक आयोजन किया जाएगा। राज्यभर में थीमेटिक प्रदर्शनी, फोटोग्राफ, आर्काइव सामग्री, डिजिटल पैनल और कला प्रदर्शनियों के माध्यम से 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ को ऐतिहासिक स्वरूप में मनाया जाएगा। इसी दिन अजमेर, बीकानेर, उदयपुर, भरतपुर, कोटा, जोधपुर, सीकर, भीलवाड़ा और अलवर के जिला मुख्यालयों में जिला स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# अलवर पेंशनर्स सहकारी समिति लि. का सम्मान सम्मारोह



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा के मुख्य आतिथ्य में बुधवार को अलवर जिले में आयोजित अलवर पेंशनर्स सहकारी समिति लि. के कार्यक्रम में शिरकत कर 80 वर्ष से अधिक आयु के 150 सदस्यों का सम्मान किया एवं स्मारिका का विमोचन किया। वन मंत्री शर्मा ने सभी पेंशनरों की दीर्घायु एवं स्वस्थ रहने की कामना करते हुए कहा कि पेंशनर्स समाज की धुरी है जो समाज को नई दिशा में देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के पेंशनरों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील है और उनकी सभी समस्याओं का हरसंभव समाधान करने का सकारात्मक प्रयास करती आ रही है। उन्होंने पेंशनर समाज को साधुवाद देते हुए कहा कि पेंशनर समाज द्वारा निरन्तर सामाजिक सरोकार के कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पेंशनर्स अनुभवी व्यक्ति होते हैं जिसका लाभ समाज के युवाओं को मिलता रहा है। इस अवसर पर उन्होंने विधायक निधि से पेंशनर्स भवन में 10 किलोवाट का सौलर प्लांट लगवाने की घोषणा की।

# जयपुर में पहले दिन एक लाख से अधिक परिगणना प्रपत्रों का हुआ वितरण

## - आमेर विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 26 हजार 440 परिगणना प्रपत्रों का हुआ वितरण

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा गत 27 अक्टूबर को राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर-2026) की घोषणा की गई है। इस कार्यक्रम के तहत 4 दिसम्बर तक बी.एल.ओ. द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं से परिगणना प्रपत्र भरवाने का कार्य किया जा रहा है।

जयपुर में पहले ही दिन 1 लाख 21 हजार 747 परिगणना परिपत्रों का वितरण किया गया। संभागीय आयुक्त श्रीमती पूनम ने हवामहल विधानसभा क्षेत्र की भाग संख्या 51 एवं भाग 54 संख्या का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों एवं कार्मिकों से फीडबैक लिया। साथ ही उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे परिगणना प्रपत्र भरने में बी.एल.ओ. का सहयोग करें तथा पिछले विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित जानकारी यथासंभव उपलब्ध कराएं ताकि उनकी मैपिंग पूर्ववर्ती मतदाता सूची से की जा सके।



जयपुर उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेघराज मीणा ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशों की अनुपालना में बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर परिगणना परिपत्रों का वितरण कर रहे हैं। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी लगातार फील्ड में निरीक्षण कर रहे हैं। शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में 3 हजार 665, चौमूं विधानसभा क्षेत्र में 11 हजार 440, फुलेरा विधानसभा क्षेत्र में 7 हजार 882, दूदू विधानसभा क्षेत्र में 4 हजार 319, झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 8 हजार 93, आमेर विधानसभा क्षेत्र में 26 हजार 440, जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 5 हजार 464, हवामहल विधानसभा क्षेत्र में 5 हजार 341, विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में 8 हजार 681, सिविल लाइन विधानसभा क्षेत्र में 3 हजार 508 परिगणना परिपत्र वितरित किए गए।

वहीं, किशनपोल विधानसभा क्षेत्र में 3 हजार 422, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में 3 हजार 674, मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में 3 हजार 450, सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में 10 हजार 691, बगरू विधानसभा क्षेत्र में 5 हजार 559, बस्सी विधानसभा क्षेत्र में 5 हजार 915, चाकसू विधानसभा क्षेत्र में 4 हजार 203 परीगणना प्रपत्रों का वितरण किया गया। जयपुर उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेघराज मीणा ने बताया कि परिगणना अवधि के दौरान जिन मतदाताओं की मैपिंग पूर्व विशेष पुनरीक्षण से हो जाएगी, उन्हें किसी अतिरिक्त दस्तावेज की आवश्यकता नहीं होगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी मतदाताओं से आग्रह किया है कि वे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान अपना पूर्ण सहयोग प्रदान कर निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू एवं सफल बनाने में सहभागी बनें।

# पंचायती राज मंत्री ने ली समीक्षा बैठक: स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण और निरीक्षण दौरों की ली गहन जानकारी

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर की अध्यक्षता में मंगलवार को शासन सचिवालय स्थित पंचायती राज विभाग के सभागार में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, निरीक्षण दौरों और लंबित प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। दिलावर ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विभाग के समस्त कार्यालयों ग्राम पंचायतों, पंचायत समिति, जिला परिषद आदि में राष्ट्रगीत का गायन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन कार्यालय प्रारंभ होने के साथ राष्ट्रगीत का अनिवार्य रूप से वाचन किया जाए। उन्होंने 7 नवंबर को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम के तहत सभी पंचायती राज संस्थानों में राष्ट्रगीत के सामूहिक वाचन के निर्देश दिए। बैठक में दिलावर ने 17 सितंबर से प्रारंभ हुए स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान की उपलब्धियों की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत राजस्थान ने 'क्लीनिंगनेस टारगेट यूनिट्स' के क्षेत्र में देश में प्रथम स्थान पर है। उन्होंने कहा कि गावों में साफ सफाई राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इसलिए गांवों की साफ सफाई सुनिश्चित और नियमित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गांवों की सफाई में सुधार हुआ है लेकिन अभी तक आपेक्षिक सफाई नहीं हुई है। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के जीरो पेंडेंसी के निर्देश दिए। बैठक में ही मंत्री ने ग्राम पंचायतों में निरीक्षण दौरों की स्थिति, समस्याएँ एवं सुधार के प्रस्तावों पर चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।




उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि माह के 4 दिन रात्रि विश्राम करना ही होगा। उन्होंने जिला प्रभारियों को अपने जिलों की साफ सफाई के लिए चार माह का टारगेट दिया है। मंत्री ने कहा कि ग्राम पंचायतों का निरीक्षण करने वाले अधिकारी दिन में गांवों का निरीक्षण करेंगे और रात में गांव में ही रात्रि विश्राम करेंगे। उन्होंने रात्रि विश्राम करने वाले अधिकारियों को ग्रामवासियों से संवाद स्थापित करने, उनकी समस्याएँ सुनने, एवं उन समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने की व्यवस्था करने को कहा गया। साथ ही रिकॉर्डिंग एवं दस्तावेजीकरण की आवश्यकता पर बल दिया गया है ताकि पारदर्शिता बनी रहे। दिलावर ने गांवों में रोजमर्रा की सफाई सुनिश्चित करने, ग्राम पंचायतों को पूरी तरह स्वच्छ बनाने एवं प्लास्टिक उपयोग को कम करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निरीक्षण की रिपोर्ट विभागीय पोर्टल पर समयबद्ध रूप से अपलोड करें और रिपोर्ट में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ प्रस्ताव तैयार कर संबंधित प्रभारी को प्रस्तुत करें। बैठक में डॉ. जोगाराम, शासन सचिव एवं आयुक्त पंचायती राज विभाग, सुश्री सलोनी खेमका, निदेशक स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), बृजेश चंदोलिया, अतिरिक्त आयुक्त एवं संयुक्त निदेशक (प्रथम) सहित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# ई-रिक्शा में मिला अधेड़ का शव, इलाके में मचा हड़कंप




मनोहरपुर (रॉयल पत्रिका)। थाना क्षेत्र के होड़ की पाल इलाके में बुधवार सुबह एक ई-रिक्शा के अंदर अज्ञात अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिस पर थाना प्रभारी भगवान सहाय मीणा मय जाप्ता मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। रिक्शा मालिक शहजाद भिश्ती ने बताया कि सुबह करीब 6 से 6:30 बजे के बीच एक व्यक्ति कंबल ओढ़े उसके ई-रिक्शा में बैठा दिखाई दिया। स्थानीय लोगों ने जब पूछताछ की तो उसने अपना नाम राणा बताया। लेकिन कुछ देर बाद जब लोग दोबारा वहां पहुंचे तो वह अचेत अवस्था में मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और व्यक्ति को अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। खबर प्रसारित होने के बाद परिजन थाने पहुंचे, जहां मृतक की पहचान चिरंजी लाल राणा निवासी हरमाड़ा के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार मृतक उदावाला स्थित 'ओके' ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता था और शराब पीने का आदी था। बताया गया कि वह सुबह से ही भट्ठे से निकला हुआ था और घरवाले उसकी तलाश कर रहे थे। पुलिस ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की, लेकिन मृतक किसी भी फुटेज में दिखाई नहीं दिया। शव की पहचान होने पर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

## चिकित्सा मंत्री ने ट्रोमा सेंटर पहुंचकर घायलों की कुशलक्षेम पूछी

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर बुधवार शाम को सवाई मानसिंह अस्पताल के ट्रोमा सेंटर पहुंचकर सीकर रोड पर हरमाड़ा क्षेत्र में हुए सड़क हादसे के घायलों से मिले और उनकी कुशलक्षेम पूछी। उन्होंने घायलों के परिजनों से बात की और उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा दिया। खींवसर ने चिकित्सा विशेषज्ञों से घायलों की स्थिति के बारे में पूरी जानकारी ली और बेहतर उपचार के लिए दिशा—निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क हादसे में घायल हुए सभी लोगों के उपचार में किसी तरह की कमी नहीं रहे। राज्य सरकार हादसे के मृतकों एवं घायलों के परिवारों के साथ खड़ी है। उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। ट्रोमा सेंटर प्रभारी डॉ. बीएल यादव ने बताया कि हादसे में घायल हुए लोगों में से 7 सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती थे, इनमें से एक की स्थिति में सुधार के बाद डिस्चार्ज किया जा चुका है। शेष 6 में से 3 आईसीयू में भर्ती हैं, जिनकी हालत स्थिर है। इस दौरान सवाई मानसिंह अस्पताल के अधीक्षक डॉ. मृणाल जोशी, उप अधीक्षक डॉ. जगदीश मोदी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# रक्तदान शिविर में सहभागिता कर रक्तदाताओं का किया उत्साहवर्धन - शेखावत

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने बुधवार को जोधपुर स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा पहुंचकर गुरु नानक देव जी को नमन किया एवं श्रद्धापूर्वक अरदास में सहभागी बने। शेखावत ने सिख समुदाय एवं समस्त देशवासियों को प्रकाश पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि गुरु नानक देव जी का जीवन हमें मानवता, सेवा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी के उपदेश आज भी समाज में समरसता, करुणा और सह-अस्तित्व के मूल्यों को सशक्त करते हैं। इस अवसर पर गुरुद्वारा परिसर में आयोजित




रक्तदान शिविर में शेखावत ने सक्रिय सहभागिता निभाई तथा रक्तदाताओं से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक श्रेष्ठ मानव सेवा है, जो जीवन बचाने का माध्यम बनती है। कार्यक्रम के दौरान त्रिभुवन सिंह भाटी, प्रतिपाल सिंह वालेचा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के पदाधिकारी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। इससे पूर्व केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने अपने जोधपुर निवास पर नागरिकों से भेंट कर उनकी समस्याएं सुनीं और आवश्यक समाधान के लिए आश्वासन दिया। तत्पश्चात उन्होंने हवाई मार्ग से दिल्ली के लिए प्रस्थान किया।

# सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन मंत्री ने किया डॉ. सूरज सिंह नेगी की पुस्तक 'भावेश जो कह न सका' का विमोचन

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। किशोर मन की जटिल भावनाओं और पारिवारिक-सामाजिक दबावों को केंद्र में रखकर वरिष्ठ आरएएस अधिकारी एवं साहित्यकार डॉ. सूरज सिंह नेगी द्वारा रचित उपन्यास 'भावेश जो कह न सका' का विमोचन बुधवार को झालाना संस्थानिक क्षेत्र स्थित राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिति में हुआ। 'ग्रासरूट मीडिया फाउंडेशन' की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने पुस्तक का विमोचन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लेखक और चिंतक डॉ. सुरेंद्र सोनी ने की जबकि, उपन्यास की समीक्षा लेखिका और शिक्षिका आशा शर्मा द्वारा की गई। ग्रासरूट मीडिया फाउंडेशन के संस्थापक प्रमोद शर्मा सहित कई शिक्षाविद, विद्यार्थी और साहित्यप्रेमी कार्यक्रम में




मौजूद रहे। सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन मंत्री गौतम कुमार दक ने इस अवसर पर कहा कि ऐसी रचनाएं समाज के उस मौन हिस्से को आवाज़ देती हैं जो अक्सर अनसुना रह जाता है। यह उपन्यास बच्चों और अभिभावकों दोनों के लिए एक दर्पण की तरह है। पुस्तक लेखक डॉ. सूरज सिंह नेगी ने अपनी रचना यात्रा साझा करते हुए कहा कि यह कृति न केवल एक कहानी कहती है, बल्कि समाज को आत्ममंथन के लिए प्रेरित करती है। यह उपन्यास उन किशोरों की आवाज़ है जो अपनी भावनाएं व्यक्त नहीं कर पाते और जिनकी चुप्पी अक्सर एक गहरे संदेश में बदल जाती है। संवेदनशील और भावुक मन किशोर जब स्वयं को माता-पिता द्वारा देखे गए सपने को पूरा करने में असमर्थ पाता है, तब भावुकता में उठाया गया क़दम कितना घातक हो सकता है, उसके चित्रण का प्रयास इस उपन्यास में किया गया है। इस अवसर पर वक्ताओं ने किशोरों पर बढ़ते सामाजिक और पारिवारिक दबावों, सफलता की परिभाषा में आए बदलाव और अभिभावकों की भूमिका जैसे मुद्दों पर सार्थक चर्चा की।

## आवश्यक नम्बर

**बिजली फॉल्ट के लिए**

| | |
|---|---|
| टोल फ्री नंबर | 18001806507 |
| वॉट्सएप नंबर | 9414037085 |
| कस्टमर केयर | 2203000 |
| आईवीआरएस | 1912 |

**कचरा गाड़ी के लिए**

| | |
|---|---|
| ग्रेटर | 2747400 |
| सीवरेज लीकेज | 2607500 |
| हेरिटेज | 2607500 |
| टोल फ्री नंबर | 14420 |

**पुलिस की मदद के लिए**

| | |
|---|---|
| साइबर क्राइम | 1930/2360094 |
| कंट्रोल रूम | 2388435/36/37/38 |
| ट्रैफिक कंट्रोल रूम | 2565630 |
| चाइल्ड हेल्पलाइन | 1098 |
| महिला हेल्पलाइन | 1090 |
| मुख्यमंत्री पोर्टल | 181 |

**पानी के लिए**

| | |
|---|---|
| जलदाय कार्यालय | 2706624 |
| फायर ब्रिगेड | 2747400 |

**मेडिकल इमरजेंसी के लिए**

| | |
|---|---|
| एंबुलेंस | 102/108 |
| एसएमएस इमरजेंसी | 2518333 |
| महिला चिकित्सालय | 22610616 |
| जनाना हॉस्पिटल | 22378721 |
| SDMH | 22574189 |
| SMS ब्लड बैंक | 22518222 |
| कल्याण ब्लड बैंक | 22721771 |

**घायल पशुओं के लिए**

| | |
|---|---|
| नगर निगम | 2747400 |
| बर्ड बाइक | 9887345580 |
| हेल्प इन सफरिंग | 8107299711 |
| जनमंच ट्रस्ट | 7230055800 |
| पशु चिकित्सालय | 2747400 |

# मौलाना आज़ाद यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन का भावुक संबोधन सेवा मेरी प्राथमिकता है, पद नहीं - मोहम्मद अतीक

जोधपुर (रॉयल पत्रिका)। मौलाना आज़ाद यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन मोहम्मद अतीक ने विश्वविद्यालय के समस्त स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा कि यूनिवर्सिटी को प्रगति के पथ पर लगातार आगे बढ़ाना ही हमारी पहली और आखिरी प्राथमिकता है। हाल के दिनों में चेयरपर्सन पद को लेकर फैली अफ़वाहों के बीच यह मीटिंग बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इन अटकलों से विश्वविद्यालय परिवार में बनी अनिश्चितता को देखते हुए चेयरपर्सन ने स्वयं पहल कर यह बैठक बुलाई और कर्मचारियों से खुलकर संवाद किया। अपने भावनात्मक संबोधन में उन्होंने कहा - "चेयरपर्सन मात्र एक पद है, जिस पर लोग आते-जाते रहते हैं। सेवा करने के लिए मैं किसी पद का मोहताज नहीं हूं। सेवा मेरे जीवन का प्रमुख उद्देश्य है, जिसे मैं पाँच दशकों से निभा रहा हूं और अंतिम सांस तक निभाता रहूंगा।" उन्होंने आगे कहा कि - "विश्वविद्यालय का विकास ही हम सबकी साझा जिम्मेदारी है। हमारा लक्ष्य बच्चों और उनके अभिभावकों के उन सपनों को साकार करना होना चाहिए, जिनके लिए वे समय, धन और श्रम समर्पित कर रहे हैं। जब हम सकारात्मक सोच के साथ उनके सपनों को हकीकत में बदलेंगे, तभी सच्चे अर्थों में राष्ट्र सेवा होगी।" यूनिवर्सिटी प्रेसिडेन्ट डॉ. जमील काज़मी ने कहा कि यूनिवर्सिटी चेयरपर्सन के इस



प्रेरणादायक और आत्मीय संबोधन ने स्टाफ में नई ऊर्जा और एकता का संचार किया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी डीन अकेडमिक्स डॉ. इमरान खान पठान, समस्त संकाय डीन, एसोसियेट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर सहित समस्त विश्वविद्यालय स्टाफ मौजूद रहे।

# "एक स्वास्थ्य" पर जागरुकता रैली का आयोजन

उदयपुर (रॉयल पत्रिका)। गीतांजलि मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ने इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन के तत्वाधान में और भारतीय आयर्वितान अनुसंधान परिपद "के सहयोग से 'एक स्वास्थ्य' की अवधारणा पर एक जागरूकता रैली का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस पहल का विषय था "एक विश्व, एक स्वास्थ्य - मानव, पशु और पर्यावरण कल्याण के लिए एकजुट"। इस रैली को जीएमसीएच डीन डॉ. संगीता गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह आयोजन डॉ. मुकुल दीक्षित, विभागाध्यक्ष, सामुदायिक चिकित्सा विभाग के मार्गदर्शन में और कॉलेज नोडल अधिकारी डॉ. अंशिका जैन के समन्वय में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। डॉ. हेमलता मित्तल, डॉ. अंजना वर्मा, डॉ. मेधा माथुर, डॉ. भागीराज चौधरी, डॉ. डी.आर. बेनीवाल, डॉ. अमित कुमार, डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. अभिषेक कुमार, डॉ. प्रखर, डॉ. विचित्रा,




डॉ. हरलीन, डॉ. दिलशानो, डॉ. मोनिका, डॉ. चिन्मय, डॉ. अनुराधा और डॉ. पूर्णिमा जैसे कई संकाय सदस्य, एमबीबीएस छात्र और इंटर्न इस रैली में एकजुट हुए। रैली गीतांजलि मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के मुख्य प्रवेश द्वार से शुरू हुई और शहर के माध्यम से आगे बढ़ी, जिससे काफी सार्वजनिक ध्यान आकर्षित हुआ। रैली का उद्देश्य समुदाय को एक स्वास्थ्य के समग्र दृष्टिकोण पर शिक्षित करना था, जो मानता है कि लोगों का स्वास्थ्य जानवरों और हमारे साझा पर्यावरण के स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ है। पूरे मार्ग में जोरदार और स्पष्ट नारे गूंजते रहे, जिनमें शक्तिशाली आह्वान था: "एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य", "स्वस्थ लोग, स्वस्थ ग्रह", "जब स्वास्थ्य एकीकृत है, जीवन गरिमापूर्ण है", जो नागरिकों से आग्रह करता है कि वे मानव और पर्यावरण कल्याण दोनों की रक्षा करने वाले स्थायी अभ्यासों को अपनाएं।

# 85 वर्ष से अधिक बुजुर्गों व दिव्यांगजनों ने घर से किया मतदान

## -अंता विधानसभा उपचुनाव में प्रथम चरण की होम वोटिंग पूर्ण

बारां (रॉयल पत्रिका)। अंता विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव 2025 के तहत प्रथम चरण की होम वोटिंग प्रक्रिया बुधवार को सफलतापूर्वक पूर्ण हुई। निर्वाचन विभाग द्वारा 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांग मतदाताओं को उनके घर पर ही मतदान का अवसर प्रदान किया गया।



उप जिला निर्वाचन अधिकारी भंवर लाल जनागल ने बताया कि प्रथम चरण में कुल 284 पात्र मतदाताओं ने अपने घर से डाक मतपत्र (पोस्टल बैलेट) के माध्यम से मतदान किया। इनमें 184 वरिष्ठ नागरिक तथा 100 दिव्यांगजन मतदाता शामिल रहे। उन्होंने कहा कि अंता विधानसभा क्षेत्र में होम वोटिंग के लिए 10 विशेष मतदान दल गठित किए गए हैं, जो अपने निर्धारित क्षेत्रों में घर-घर जाकर पात्र मतदाताओं से मतदान करवा रहे हैं।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि द्वितीय चरण की होम वोटिंग 7 व 8 नवम्बर को आयोजित की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य उन मतदाताओं को मतदान का अधिकार सुलभ कराना है जो शारीरिक रूप से मतदान केंद्र तक नहीं पहुंच सकते।

# दरगाह हज़रत दीवाना शाह साहब में मंसूरी सोसायटी द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न

कपासन (रॉयल पत्रिका)। मंसूरी एजूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी उदयपुर के तत्वाधान मे दरगाह हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. में सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न। सोसायटी के सचिव जाहिद मोहम्मद मंसूरी के अनुसार दरगाह शरीफ स्थित अहमद कबीर मंजिल मे रविवार प्रातः मौलाना अंसारूल हक की तिलवाते कलामे पाक के बाद दीवाना शाह माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने नात शरीफ पेश की। महमाने खुसुसी हाजी लतीफ मंसूरी आरको अध्यक्ष मंसूरी पंचायत संस्था राजस्थान जयपुर एवं अजय एस. मेहता ट्रस्टी-रमा मेहता चेरिटेबल ट्रस्ट उदयपुर ने आज के इस दौर मे सामूहिक विवाह सम्मेलन के फायदे बताये और शिक्षा एवं बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं पर अपने विचार व्यक्त किए। सोसायटी के सदर अब्दुल लतीफ मंसूरी कुवैत वाले ने महमाने खुसुसी एवं मुख्य अतिथि आज़ाद हुसैन मंसूरी, पूर्व उप सरपंच सांवलिया जी, दरगाह वक्फ कमेटी के नायब सदर



मोहम्मद यासीन खाँ अशरफी, मास्टर अल्लाह बेली मंसूरी, हेमराज भाटी रिटायर्ड सचिव सेवा मंदिर उदयपुर, मास्टर मोहम्मद खाँ मंसूरी, सदर मंसूरी समाज कपासन एवं वक्फ कमेटी सदस्य सैयद अख्तर अली बुखारी का शॉल ओढ़ाकर इस्तकबाल किया। मोहम्मद सईद काजी, हाफिज आदिल रज़ा, हाफिज मो खतीब, पेश ईमाम मस्जिद मंसूरियान ने तीनो जोडो को ईजाब कबूल करा खुतबा पढ़ दुआ की। बाबे विलायत से अहमद कबीर मंजील तक दुल्हो की बिन्दोली निकली। बिन्दोली का सोसायटी की तरफ से ईस्तकबाल किया। हाजी मोहम्मद सईद काजी की मिलाद पार्टी ने नातो, मनकबत व सेहरा पढ़ा दरगाह वक्फ कमेटी के सैक्रेट्री मोहम्मद अब्बास अशरफी ने प्रोग्राम का संचालन किया। सम्मेलन मे आए हुए सभी मेहमानो का खाना चिश्तीया डोम मे रखा गया। सम्मेलन मे आस-पास एवं दूर-दूर के कई समाजजन ने भाग लेकर खुशी व्यक्त की। सोसायटी के खजांची मोहम्मद यूसुफ मंसूरी इंजिनियर के अनुसार प्रत्येक जोडे को 21000 हजार रूपये का चेक, समाज के लोगो की तरफ से सिलाई मशीन व अन्य कई उपहार दिए। आखिर मे सोसायटी के सदर अब्दुल लतीफ मंसूरी ने सबका आभार व्यक्त किया एवं सलातो सलाम पर सम्मेलन का इख्तेताम हुआ।

# 8 नवंबर तक 15 दिवसीय सड़क सुरक्षा अभियान :

# शराब पीकर वाहन चलाने वालों का लाइसेंस होगा रद्द, ओवरलोडिंग पर सख्त कार्रवाई

हनुमानगढ़ (रॉयल पत्रिका)। जिले में सड़क सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और सड़क दुर्घटनाओं में जनहानि को रोकने के लिए 15 दिवसीय विशेष सड़क सुरक्षा अभियान 18 नवम्बर तक चलाया जाएगा। इस दौरान यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित कराने, अतिक्रमण हटाने, अवैध कट बंद करने और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव ने विभागीय अधिकारियों को यह निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाने, तेज गति और बार-बार चालान होने पर संबंधित चालक का लाइसेंस निरस्त किया जाए। भारी वाहनों के लाइसेंस नवीनीकरण के समय यदि नेत्र परीक्षण रिपोर्ट गलत पाई जाती है तो ऐसे चिकित्सकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने परिवहन विभाग और पुलिस को समन्वय के साथ सख्त प्रवर्तन अभियान चलाने के निर्देश दिए। एनएचएआई को भारतमाला परियोजना मार्ग पर सभी अवैध ढाबे, पार्किंग और निर्माण हटाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि तय स्थानों को छोड़कर हाईवे पर वाहन रोकने वाले चालकों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की जाए। साथ ही सभी संकेतक, स्लिप लाइन और ट्रक ले-बाई के बोर्ड सुनिश्चित रूप से लगे रहें। कोहरे के दौरान दृश्यता बनाए रखने



के लिए रिफ्लेक्टर और सड़क किनारे पेड़ों की कटाई भी कराई जाए। कलेक्टर ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया कि दुर्घटना की स्थिति में घायलों को एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया जाए। 45 वर्ष से अधिक आयु के सभी वाहन चालकों की नेत्र जांच अभियान चलाकर कराई जाए। सभी एम्बुलेंस व उनके स्टाफ का प्रशिक्षण और उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। डिप्टी एसपी स्तर पर इनका सत्यापन करवाया जाएगा।

जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि पुलिस कंट्रोल रूम का नंबर आमजन से साझा किया जाए ताकि कोई भी नागरिक फोटो, वीडियो और लोकेशन के साथ नियम उल्लंघन की सूचना भेज सके। सभी टोल नाकों की प्रत्येक लेन पर हेल्पलाइन नंबर और क्यूआर कोड सहित फ्लेक्स लगाए जाएंगे, जिससे सड़क संधारण एजेंसी और आमजन तुरंत जानकारी साझा कर सकें। हाईवे पर पेट्रोलिंग यूनिट में पुलिस कर्मी की तैनाती और सभी टोल स्टाफ का पुलिस वेरिफिकेशन भी कराया जाएगा। सड़क किनारे अवैध ढाबों, अतिक्रमण, और कोहला क्षेत्र में सड़क पर निराश्रित पशुओं से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए वन विभाग को फेंसिंग की मरम्मत करने और 24 घंटे निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। शहरी क्षेत्रों में नगर निकायों को निराश्रित व पालतू पशु सड़क पर छोड़ने वालों पर जुर्माना लगाने, नीलामी की कार्यवाही करने और ऐसे पशुओं को गौशालाओं में छोड़ने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने स्कूलों और कॉलेजों में छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। सीडीईओ, पुलिस और परिवहन विभाग संयुक्त रूप से 15 दिवसीय रोड सेफ्टी कोर्स चलाएंगे, जिसमें बुकलेट, डिजिटल प्लेटफॉर्म और वीडियो की मदद से ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी जाएगी। अवैध ऑटो और असुरक्षित बाल वाहिनी पर सख्त कार्रवाई करते हुए विद्यालयों को सुरक्षित परिवहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# दिव्यांगजनों ने ट्राइसाइकिल रैली निकालकर जगाई मतदान जागरुकता की अलख

## -"हम भी सक्षम, राष्ट्र भी सक्षम" थीम पर हुआ आयोजन



बारां (रॉयल पत्रिका)। सतरंगी सप्ताह के चतुर्थ दिवस पर बुधवार को अंता पंचायत समिति में "हम भी सक्षम, राष्ट्र भी सक्षम" थीम पर विशेष मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पंचायत समिति के विकास अधिकारी राधेश्याम भील ने उपस्थित नागरिकों एवं दिव्यांगजनों से 11 नवम्बर को होने वाले अंता विधानसभा उपचुनाव में मतदान अवश्य करने की अपील की। उन्होंने दिव्यांग मतदाताओं द्वारा निकाली गई ट्राइसाइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्वीप सह प्रभारी अमित भार्गव ने बताया कि रैली से पूर्व दिव्यांगजनों को मतदान केंद्रों पर उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी गई। साथ ही निर्वाचन से संबंधित ऑनलाइन एप्लीकेशनों कृ जैसे सक्षम ऐप और केवाईसी ऐप-के उपयोग की प्रक्रिया समझाई गई। उन्होंने बताया कि सक्षम ऐप के माध्यम से दिव्यांगजन मतदान दिवस पर पिकअप एंड ड्रॉप सुविधा, स्वयंसेवक सहायता एवं व्हीलचेयर जैसी सेवाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा दृष्टिबाधित मतदाताओं के लिए ब्रेल लिपि आधारित मतपत्र की सुविधा के बारे में भी जानकारी दी गई।

रैली में दिव्यांगजन ट्राइसाइकिल पर हाथों में तख्तियां लेकर "हम भी पीछे नहीं रहेंगे, मत देकर सरकार चुनेंगे" तथा "11 नवंबर नोट करें, निर्भय होकर वोट करें" जैसे नारों के साथ आगे बढ़े। यह रैली चिकित्सालय के सामने से प्रारंभ होकर मालियों के मंदिर, सीसवाली रोड होते हुए सीसवाली तिराहे पर पहुंची, जहां प्रतिभागियों ने मानव श्रृंखला बनाकर आमजन को मतदान के प्रति प्रेरित किया और सभी को मतदान का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में ईओ दीपक नागर, जेईएन मनीष मालव, विकलांग कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष आफाक अहमद खान, स्वीप टीम सदस्य रामचरण मीना, ओम मेरौठा, सुरभि खंडेलवाल, विकास मालव, नेहा शर्मा, प्रवीण गुर्जर, लियाकत हुसैन, हनुमान सिंह सोलंकी, के.जी. गोचर, रत्ती राम, द्वारेका लाल, शांति लाल योगी, शाबिर हुसैन, संजय कुमार, जाकिर हुसैन, देवकी नंदन, कालू मेहरा, रामभजन, गिरिराज सुमन, भीमराज केवट सहित अनेक दिव्यांगजन शामिल रहे।

इस कार्यक्रम के माध्यम से दिव्यांगजनों ने न केवल मतदान के महत्व का संदेश दिया, बल्कि यह भी साबित किया कि हम सक्षम हैं और लोकतंत्र की भागीदारी में किसी से पीछे नहीं।

# टिब्बी में दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण एवं यूडीआईडी कार्ड वितरण कार्यक्रम

हनुमानगढ़ (रॉयल पत्रिका)। दिव्यांगजनों को दिव्यांग उपकरण, यूडीआईडी कार्ड तथा विभिन्न श्रेणियों के रोडवेज रियायती यात्रा स्मार्ट कार्ड वितरण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को टिब्बी उपखंड कार्यालय परिसर में दिव्यांग एवं जनकल्याण सेवा समिति के सहयोग से किया किया गया। कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी सत्यनारायण सुथार, नायब तहसीलदार सूर्यदेव स्वामी, मुख्य ब्लॉक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रितिका पारीक उपस्थित रहीं। समिति अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता हरबंस लाल सहारण ने बताया कि मानवता की सेवा ही उनका ध्येय है। इसी भावना के साथ समिति ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहयोग से क्षेत्र के दिव्यांगजनों को आवश्यक सहायता प्रदान की। इस दौरान 6 चलने-फिरने में असमर्थ दिव्यांगों



को व्हीलचेयर, 1 दिव्यांग को ट्राइसाइकिल, 2 दिव्यांगों को बैसाखियां तथा 2 श्रवण बाधित दिव्यांगों को श्रवण यंत्र (कानों की मशीन) प्रदान किए गए। उपकरण पाकर दिव्यांगजनों के चेहरों पर खुशी झलक उठी।

कार्यक्रम में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से 30 दिव्यांगों को यूडीआईडी कार्ड और राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के सहयोग से 40 दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को रोडवेज रियायती यात्रा स्मार्ट कार्ड प्रदान किए गए। कार्यक्रम में राजकुमार बारूपाल, सतीश कुमार, ताल्लुका विधिक सेवा समिति टिब्बी से जगदीश डूडी, चंद्रमोहन मौजूद थे। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी सत्यनारायण सुथार ने दिव्यांगों को राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने समिति द्वारा किए जा रहे निस्वार्थ सेवाभाव की सराहना करते हुए समाज में ऐसे प्रयासों को प्रेरणादायक बताया।

# आपदा विपदा में समाज के लिये सदैव तत्पर रहते हैं भारत स्काउट गाइड के सदस्य – गुर्जर

सीकर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय सीकर के तत्वावधान में स्थानीय संघ प्रशिक्षण केंद्र हंसनला में आयोजित राज्य पुरस्कार अभिशंषा शिविर के तीसरे दिन ध्वजारोहण कार्यक्रम अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी बाबूलाल गुर्जर द्वारा किया गया। गुर्जर ने स्काउटिंग के जीवन में महत्व के बारे में शिविरार्थियों को विस्तार से बताते हुए कहा कि आपदा व विपदा में समाज के लिये हर समय तत्पर रहते हैं भारत स्काउट गाइड के सदस्य, जिनकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। तीसरे दिन अभ्यर्थियों को ट्रेसल, पायनियरिंग प्रोजेक्ट, गांठें, राष्ट्रगान, ध्वज



संहिता, प्राथमिक सहायता, बीपी सिक्स, पोशाक, अनुमान लगाना, नियम व प्रतिज्ञा सहित विभिन्न वर्गों का प्रायोगिक एवं मौखिक परीक्षण करवाया गया। शिविर में संचालक बसंता कुमार लाटा, मुख्य परीक्षक शेर सिंह चौधरी, कैलाश चंद शर्मा, राधेश्याम शर्मा, सुवालाल कुमावत, भंवरलाल मीणा, महेश कुमार योगी, दिनेश कुमार शर्मा, राम प्रसाद भास्कर सहित कुल 156 स्काउट भाग ले रहे हैं।

# आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित व निदेशक आनंद सेजरा ने ली पशुपालन विभाग के अधिकारियों एवं पशुपालकों की बैठक

जालोर (रॉयल पत्रिका)। जिले के आहोर क्षेत्र में भेड़ों में फैली ब्लू टंग वायरल बीमारी के नियंत्रण एवं मॉनिटरिंग के लिए राज्य के पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ. आनंद सेजरा ने बीमारी से प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर पशुपालकों से चर्चा की तथा विभागीय आरआरटी टीमों द्वारा किये जा रहे सर्वे, उपचार के बारे में समीक्षात्मक बैठक की। उन्होंने खारा गाँव में पशुपालकों से रोग संक्रमण के संबंध में चर्चा कर बीमारी की रोकथाम के संबंध में दिशा-निर्देश प्रदान किएं। इस दौरान आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित की अध्यक्षता में आयोजित भेड़पालकों एवं विभागीय अधिकारियों की बैठक में ब्लू टंग बीमारी के संक्रमण, प्रभावित पशुओं की संख्या, पशु उपचार सर्वे नियंत्रण कार्य के बारे मे जानकारी ली गई। वर्तमान में बीमारी पूर्णतया नियंत्रण में है।



कुल 12 विभागीय आरआटी टीम द्वारा लगभग 40,000 पशुओं का सर्वे कर बीमार पशुओं का निरंतर इलाज किया जा रहा है जिससे वर्तमान समय में बीमारी नियंत्रण में है। पशुपालकों को बीमारी से बचाव के लिए उपायों जैसे-बीमार पशु को स्वस्थ से अलग रखने, मक्खी-मच्छार से बचाव, नीम आदि का धुंआ करने, पशु के बीमार होते ही स्वयं के स्तर से इलाज न कर तुरन्त नजदीक पशुचिकित्सा संस्था से संपर्क कर इलाज करवाना आदि के बारे में जानकारी दी गई। उम्मेदपुर गाँव में निदेशक डॉ. आनंद सेजरा ने निरीक्षण कर प्रभावित पशुपालकों से बीमारी के बारे में स्थिति का जायजा लिया एवं विभागीय कार्मिकों में निरंतर सर्वे, उपचार एवं मॉनीटरिंग के बारे में निर्देश दिए। बैठक में पशुपालन विभाग जालोर के संयुक्त निदेशक डॉ. गिरधर सिंह सोढा, पशु चिकित्साधिकारी डॉ. जयप्रकाश शर्मा, डॉ. जितेन्द्र शर्मा, डॉ. योगेश पुनिया, भाकरसिंह चारण व भागचन्द यादव सहित स्थानीय पशुपालक उपस्थित रहे।

# शिक्षा नगरी सीकर में गुटखा-पान मसाला पर नगर परिषद की बड़ी कार्रवाई

सीकर (रॉयल पत्रिका)। नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा ने बताया कि कोटपा एक्ट के तहत नगर परिषद सीकर की टीम ने पिपराली रोड क्षेत्र में औचक कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में गुटखा, पान मसाला, बीड़ी, सिगरेट और तंबाकू उत्पाद जब्त किए। उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र शिक्षा नगरी के रूप में प्रसिद्ध है, जहाँ हजारों विद्यार्थी प्रतिदिन आवागमन करते हैं। विद्यार्थियों को नशे की लत से बचाने के उद्देश्य से परिषद टीम ने यह अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान दर्जनों दुकानों पर छापेमारी की गई और प्रतिबंधित सामग्री मिलने पर दुकानदारों के चालान काटे गए। नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा ने बताया कि "पिपराली रोड शिक्षा हब है, इसलिए नशे के सामान की बिक्री पर सख्त रोक लगाना आवश्यक है। भविष्य में किसी दुकान पर प्रतिबंधित



सामग्री मिलने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। आयुक्त शर्मा ने कहा कि यह अभियान विद्यार्थियों को नशे की लत से दूर रखने और शिक्षा नगरी की पहचान को बनाए रखने के लिए आगे भी लगातार जारी रहेगा। इस दौरान राजस्व अधिकारी प्रमोद सोनी, सहायक कर्मचारी सुरेश मिठारवाल, प्रवर्तन दस्ता टीम और अन्य नगर परिषद कर्मी उपस्थित रहें।

# घर-घर पहुँच एसआईआर परिगणना प्रपत्र भरवा रहे बीएलओ



जालोर (रॉयल पत्रिका)। जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 (एसआईआर) के अंतर्गत बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर परिगणना प्रपत्र वितरण व संग्रहण करने का कार्य किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बुधवार को भीनमाल क्षेत्र के रंगाला में पहुँच मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 को लेकर बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं से किया जा रहे संपर्क एवं इनुमेरेशन फॉर्म वितरण व संग्रहण कार्य का अवलोकन किया तथा समुचित दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने मतदाताओं से तथा स्थानीय नागरिकों से एसआईआर को लेकर चर्चा की तथा एसआईआर के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने मतदाताओं व उपस्थित जनों से एसआईआर को लेकर बीएलओ से जानकारी प्राप्त करने, परिगणना प्रपत्र भर व नवीन फोटो चस्पा कर जमा करवाने तथा बीएलओ का सहयोग करने एवं एसआईआर के दौरान अधिकतम भागीदारी निभाने की अपील की। जिले के आहोर, जालोर, भीनमाल, सांचौर व रानीवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारियों व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण द्वारा संबंधित विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण कर एसआईआर गतिविधियों का अवलोकन कर बीएलओ को आवश्यक निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप




### रेनो इंडिया की बिक्री अक्टूबर में 21 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी रेनो इंडिया की अक्टूबर में थोक बिक्री सालाना आधार पर 21 प्रतिशत बढ़कर 4,672 इकाई हो गई। फ्रांस की कार विनिर्माता कंपनी ने पिछले साल अक्टूबर में 3,861 इकाइयों की थोक बिक्री की थी। रेनो इंडिया के उपाध्यक्ष (बिक्री एवं विपणन) फ्रांसिस्को हिडाल्गो ने बयान में कहा, '' अक्टूबर में बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। इसमें नई पेशकश ट्राइबर और किगर को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया मुख्य वजह रही।''

### इंडिगो को 2,582 करोड़ रुपए का शुद्ध घाटा



**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन को जुलाई-सितंबर तिमाही में 2,582.10 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ है। कंपनी का पिछले वर्ष की इसी तिमाही में घाटा 986.7 करोड़ रुपये रहा था। इंडिगो ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय 19,599.5 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी अवधि में 17,759 करोड़ रुपये रही थी। कंपनी ने बयान में कहा कि मुद्रा में उतार-चढ़ाव के कारण जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए शुद्ध घाटा 2,582.10 करोड़ रुपये रहा।

# न्यू हुंडई वेन्यू 65 से ज्यादा सेफ्टी फीचर्स के साथ लांच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

साउथ कोरियन कार निर्माता हुंडई ने मंगलवार को भारतीय बाजार में अपनी मशहूर सब-फोर मीटर एसयूवी हुंडई वेन्यू के नेक्स्ट जेनरेशन मॉडल को आधिकारिक तौर पर बिक्री के लिए लांच कर दिया है। बीते दिनों कंपनी ने इस एसयूवी के तस्वीरों के साथ फीचर्स और स्पेसिफिकेशन को शेयर किया था। आकर्षक लुक और बड़े बदलाव के साथ पेश की गई नई हुंडई वेन्यू की शुरुआती कीमत 7,89,900 रुपए (एक्स-शोरूम) है। इस एसयूवी को पेट्रोल और डीजल दोनों इंजन विकल्पों में कई वेरिएंट्स के साथ पेश किया गया है। कार के एक्सटीरियर को इस तरह गढ़ा गया है कि यह हर एंगल से प्रीमियम और मजबूत दिखाई देती है। इसमें दिए गए ट्विन हॉर्न एलईडी डे टाइम रनिंग लाइट्स, क्वाड बीम एलईडी हेडलैम्प्स, और मस्कुलर व्हील आर्च डिजाइन इसे प्रॉपर एसयूवी लुक में ढालते हैं। वहीं, डार्क क्रोम रेडिएटर ग्रिल, डायमंड कट एलॉय व्हील्स, और ब्रिज-टाइप रूफ रेल्स इसके स्पोर्टी और बोल्ड कैरेक्टर को और निखारते हैं। कार के किनारों पर उकेरी गई स्कल्प्टेड कैरेक्टर लाइन्स और इन-ग्लास वेन्यू एम्बलम इसके डिज़ाइन को बेहतर बनाते हैं। नई वेन्यू के एच-आर्किटेक्चर बेस्ड केबिन को फीचर रिच बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी गई है। अंदर दिया गया डुअल-टोन इंटीरियर (डार्क नेवी और डव ग्रे) आपको प्रीमियम फील देता है।

## नई हुंडई वेन्यू की एक्स शोरूम कीमत 7.89,900 रुपए से शुरू

### साइज में बड़ी है नई वेन्यू

नई वेन्यू 3995 मिमी लंबी, 1800 मिमी चौड़ी, 1665 मिमी ऊंची है और इसमें 2520 मिमी व्हीलबेस मिलता है। यह मौजूदा वेन्यू की तुलना में 48 मिमी अधिक ऊंची और 30 मिमी अधिक चौड़ी है। इसके अलावा, SUV में होराइजन एलईडी पोजिशनिंग लैंप, रियर होराइजन एलईडी टेल लैंप्स, सिग्नेचर सी-पिलर गार्निश, और डार्क क्रोम फ्रंट ग्रिल जैसे फीचर्स दिए गए हैं जो इसे सड़क पर और भी ज्यादा प्रीमियम प्रजेंस देने में मदद करेंगे।




### कलर ऑप्शन

नई वेन्यू को 6 मोनोटोन कलर ऑप्शन्स में पेश किया गया है, जिनमें मिस्टिक सैफायर, हेजल ब्लू, ड्रैगन रेड, टाइटन ग्रे, एटलस व्हाइट, और एबिस ब्लैक शामिल हैं। इसके अलावा, स्टाइल के शौकीनों के लिए कंपनी ने दो डुअल-टोन कलर कॉम्बिनेशन्स भी पेश किए हैं- हेजल ब्लू विद एबिस ब्लैक रूफ और एटलस व्हाइट विद एबिस ब्लैक रूफ. ये डुअल-टोन वेरिएंट्स कार को एक मॉडर्न लुक देते हैं।

### जी-20 की रिपोर्ट ने अमीर-गरीब के बीच बढ़ते खाई के लिए किया अलर्ट

# देश के 1 फीसदी अमीरों की बेशुमार बढ़ी संपत्ति, 23 साल में 62% का बड़ा इजाफा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के सबसे अमीर एक प्रतिशत लोगों की संपत्ति 2000 से 2023 के बीच 62 प्रतिशत बढ़ी है। दक्षिण अफ्रीका की जी-20 अध्यक्षता में जारी रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई। नोबेल पुरस्कार विजेता जोसेफ स्टिग्लिट्ज के नेतृत्व में किए गए अध्ययन में आगाह किया गया कि वैश्विक असमानता '' संकट '' के स्तर पर पहुंच गई है जिससे लोकतंत्र, आर्थिक स्थिरता और जलवायु प्रगति को खतरा है। वैश्विक असमानता पर स्वतंत्र विशेषज्ञों की जी-20 असाधारण समिति ने पाया कि वैश्विक स्तर पर शीर्ष एक प्रतिशत यानी सबसे अमीर लोगों ने 2000 और 2024 के बीच निर्मित सभी नई संपत्ति का 41 प्रतिशत हिस्सा हासिल किया जबकि निचली आबाधी के आधे हिस्से को केवल एक प्रतिशत ही मिला।

- वैश्विक असमानता अब आपात स्तर पर पहुंच चुकी है

दुनिया की आधी आबादी स्वास्थ्य सेवाओं से वंचितः दुनिया की आधी आबादी अब भी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित है। 1.3 अरब लोग अपनी आमदनी से स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च के कारण गरीबी में जी रहे हैं।"



### चीन में यह आंकड़ा 54 फीसदी रहा

*इसमें कहा गया कि 2000 से 2023 के बीच सबसे अमीर एक प्रतिशत लोगों ने सभी देशों के आधे से अधिक देशों में अपनी संपति का हिस्सा बढ़ाया है जो वैश्विक संपति का 74 प्रतिशत है। रिपोर्ट के अनुसार, '' भारत के शीर्ष एक प्रतिशत लोगों की इस अवधि (2000-2023) में संपत्ति 62 प्रतिशत तक बढ़ी। चीन में यह आंकड़ा 54 प्रतिशत रहा।"*

### राजनीतिक इच्छा शक्ति से बदला जा सकता है

इसमें कहा गया है, '' अत्यधिक असमानता एक विकल्प है। यह अपरिहार्य नहीं है और राजनीतिक इच्छाशक्ति से इसे बदला जा सकता है। वैश्विक समन्वय से इसे काफी हद तक सुगम बनाया जा सकता है और इस संबंध में जी-20 की महत्वपूर्ण भूमिका है।"

### आईपीआई के गठन का प्रस्ताव

रिपोर्ट में वैश्विक रुझानों पर नजर रखने एवं नीति निर्माण में मार्गदर्शन के लिए जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी समिति (आईपीसीसी) की तर्ज पर एक अंतरराष्ट्रीय असमानता समिति (आईपीआई) के गठन का प्रस्ताव किया गया है। दक्षिण अफ्रीका की जी20 की अध्यक्षता में शुरू होने वाला यह निकाय सरकारों को असमानता और उसके कारणों पर "आधिकारिक एवं सुलभ" आंकड़े उपलब्ध कराएगा।


# इस्पात की कम कीमतें छोटी कंपनियों के लिए समस्या

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस्पात सचिव संदीप पौंड्रिक ने मंगलवार को कहा कि बाजार में इस्पात की कम कीमतें छोटी कंपनियों के लिए समस्या है। खासकर तब जब सरकार अगले पांच से सात वर्ष में इस महत्वपूर्ण क्षेत्र की क्षमता बढ़ाने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है।

- इस्पात सचिव पौंड्रिक इस्पात शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे

'इस्पात शिखर सम्मेलन 2025' को संबोधित करते हुए पौंड्रिक ने कहा कि पांच साल पहले इस्पात की कीमतें अपेक्षा से अधिक थीं। उन्होंने कहा, '' हालांकि आज इस्पात की कीमतें अपेक्षा से कम हैं। इसलिए कीमत एक चुनौती है... छोटी कंपनियां समस्याओं का सामना कर रही हैं।'' पौंड्रिक ने कहा कि कम कीमत के कारण लगभग 150 छोटी कंपनियों ने इस्पात का उत्पादन बंद कर दिया है। सचिव ने कहा, '' इसलिए ये लोग, छोटी कंपनियां समस्याओं का सामना कर रही हैं। आपने अभी-अभी सभी कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजे देखे हैं, लगभग सभी के मुनाफे में कमी आई है।''



### इस्पात उद्योग को संरक्षित करने की आवश्यकता

सचिव ने कहा कि देश की दीर्घकालिक आत्मनिर्भरता के लिए इस्पात उद्योग को संरक्षित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, " यह एक रणनीतिक क्षेत्र है। यदि आप आयात पर निर्भर हो जाते हैं, तो आपको भू-राजनीतिक कारणों से समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है जैसा कि हम आज दुनिया में देख रहे हैं।"

# सोना 1,200 रुपए टूटकर 1.24 लाख रुपए पर, चांदी कमजोर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के कई अधिकारियों की टिप्पणियों से अगले महीने ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें कम होने के बाद कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,200 रुपये गिरकर 1,24,100 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,200 रुपये गिरकर 1,23,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई, जिससे लगातार दूसरे सत्र में इसकी गिरावट जारी रही। सोमवार को यह 1,24,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। स्थानीय सराफा बाजार में, पिछले बाजार सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,25,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''मजबूत अमेरिकी डॉलर और फेडरल रिजर्व के कई अधिकारियों की आक्रामक टिप्पणियों के दबाव में मंगलवार को सोने में गिरावट आई। अधिकारियों ने अगले महीने ब्याज दरों में कटौती की संभावना को खारिज कर दिया।''



- चांदी में 2500 रुपए की भारी गिरावट दर्ज की गई

### चांदी लुढ़कर 1,51,500 रुपए प्रति किलो

चांदी भी मंगलवार को 2,500 रुपये की भारी गिरावट के साथ 1,51,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई, जबकि सोमवार को इसका भाव 1,54,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था। छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर इंडेक्स 0.12 प्रतिशत बढ़कर 99.99 पर पहुंच गया, जो तीन महीने का उच्चतम स्तर है, जिससे कीमती धातुओं पर भी दबाव बढ़ा।

# एफआईआई की निकासी से सेंसेक्स व निफ्टी में गिरावट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 519 अंक का गोता लगा गया जबकि निफ्टी 166 अंक टूट गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और एशिया तथा यूरोपीय बाजारों में कमजोर रुख के बीच घरेलू बाजार में गिरावट आई।



तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 519.34 अंक यानी 0.62 प्रतिशत टूटकर 83,459.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 565.72 अंक तक नीचे आ गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 165.70 अंक यानी 0.64 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,597.65 अंक पर रहा। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में पावर ग्रिड में सबसे ज्यादा 3.13 प्रतिशत की गिरावट आई। सितंबर तिमाही के लाभ में गिरावट से कंपनी के शेयर में गिरावट आई। इसके अलावा इटर्नल, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, मारुति और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में टाइटन, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा और भारतीय स्टेट बैंक शामिल हैं।

### आईटी, धातु व बिजली क्षेत्र में रही बिकवाली

जियोजीत इनवेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "कमजोर वैश्विक संकेतों और खासकर आईटी, धातु और बिजली क्षेत्रों में व्यापक बिकवाली के कारण भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। छुट्टी के कारण कम कारोबारी दिन वाले सप्ताह को लेकर निवेशकों का रुझान सुस्त रहा।

# माइक्रोसॉफ्ट भारत में कोपाइलेट इंटरैक्शन के लिए इन-कंट्री डेटा प्रोसेसिंग करवा रहा उपलब्ध




नई दिल्ली। अमेरिकी टेक कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने बुधवार को घोषणा की कि कंपनी दुनिया भर के 15 देशों में कस्टमर्स के माइक्रोसॉफ्ट 365 कोपाइलेट इंटरैक्शन के लिए इन-कंट्री डेटा प्रोसेसिंग उपलब्ध करवा रही है।

**इस वर्ष के अंत तक माइक्रोसॉफ्ट 365 कोपाइलेट इंटरैक्शन को चार देशों में स्थानीय स्तर पर प्रोसेस किया जाएगा**

कंपनी का कहना है कि इस वर्ष के आखिर तक माइक्रोसॉफ्ट चार देशों में कस्टमर्स को माइक्रोसॉफ्ट 365 कोपाइलेट इंटरैक्शन को देश के अंदर ही प्रोसेस करने का ऑप्शन देगा। इन चार देशों में भारत के अलावा, ऑस्ट्रेलिया, यूनाइटेड किंगडम और जापान का नाम शामिल है।

**माइक्रोसॉफ्ट यह सुविधा 2026 में 11 और देशों में उपलब्ध कराएगा**

माइक्रोसॉफ्ट ने आगे जानकारी देते हुए कहा है कि अगले वर्ष 2026 में इस सुविधा को कनाडा, जर्मनी, इटली, मलेशिया, पोलैंड, दक्षिण अफ्रीका, स्पेन, स्वीडन, स्विट्जरलैंड, संयुक्त अरब अमीरात और संयुक्त राज्य अमेरिका सहित ग्यारह और देशों के लिए पेश किया जाएगा।

इन-कंट्री प्रोसेसिंग से कोपाइलेट इंटरैक्शन डेटा देश में प्रोसेस होकर ग्राहकों को अधिक नियंत्रण देता है

कंपनी का कहना है कि यह सुविधा ग्राहकों को खासकर सरकारी और अधिक रेगुलेटेड इंडस्ट्रीज में काम करने वालों को सिक्योरिटी और रेगुलेटरी कम्प्लायंस के लिए एक अतिरिक्त विकल्प के साथ माइक्रोसॉफ्ट 365 कोपाइलेट एक्सेस करने में मदद करेगी। इन-कंट्री प्रोसेसिंग के साथ कोपाइलेट इंटरैक्शन नॉर्मल ऑपरेशन के तहत, देश की सीमाओं के अंदर मौजूद डेटा सेंटर्स में प्रोसेस होते हैं, जिससे ग्राहकों को उनके डेटा पर अधिक कंट्रोल मिलता है।

**इन-कंट्री डेटा प्रोसेसिंग लेटेंसी घटाकर कोपाइलेट का अनुभव और अधिक तेज और प्रतिक्रियाशील बनाती है**

इसके अलावा, इन-कंट्री डेटा प्रोसेसिंग लेटेंसी को कम कर परफॉर्मेंस को भी बेहतर बना सकती है, जिससे कोपाइलेट को लेकर ग्राहकों का अनुभव पहले से अधिक रिस्पॉन्सिव होता है। कंपनी का कहना है कि 15 देशों में माइक्रोसॉफ्ट 365 कोपाइलेट इंटरैक्शन के लिए इन-कंट्री डेटा प्रोसेसिंग जोड़ने के साथ माइक्रोसॉफ्ट अपने ग्राहकों को एआई डेटा प्रोसेसिंग और रेजिडेंसी दोनों की लोकेशन चुनने का ऑप्शन दे सकता है, जिसके साथ माइक्रोसॉफ्ट 365 कोपाइलेट को बड़े पैमाने पर अपनाने और डिप्लॉयमेंट में मदद मिलेगी।

**माइक्रोसॉफ्ट के अनुसार, ग्राहकों के डेटा को लेकर उन्हीं का कंट्रोल होना चाहिए, चाहे वे कहीं से भी काम करें**

माइक्रोसॉफ्ट के अनुसार, ग्राहकों के डेटा को लेकर उन्हीं का कंट्रोल होना चाहिए, चाहे वे कहीं से भी काम करें। लोकल रेजिडेंसी से लेकर माइक्रोसॉफ्ट 365 कोपाइलेट के लिए इन-कंट्री प्रोसेसिंग तक कंपनी सॉवरेनिटी और इनोवेशन एक साथ चलने वाली दुनिया का निर्माण कर रहा है।

# सरकार ने खरीफ 2025 के दौरान किसानों के लिए पर्याप्त यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चित की



नई दिल्ली । केंद्र सरकार के उर्वरक विभाग ने खरीफ 2025 सीज़न के दौरान देश भर में यूरिया सहित उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की है। विभिन्न स्टेकहोल्डर्स यानी भारतीय रेलवे, बंदरगाहों, राज्य सरकारों और उर्वरक कंपनियों के साथ समय पर योजना और करीबी समन्वय के माध्यम से, सरकार ने यह सुनिश्चित किया कि किसानों को बिना किसी कमी के यूरिया की आवश्यक मात्रा मिले।

दरअसल, कृषि और किसान कल्याण विभाग के आकलन के अनुसार 185.39 एलएमटी की आवश्यकता की तुलना में डीओएफ ने 230.53 एलएमटी की उपलब्धता सुनिश्चित की। यह 193.20 एलएमटी की बिक्री से कहीं ज़्यादा थी। यह पूरे भारत में यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता को दर्शाता है। जाहिर है, किसानों ने खरीफ-2025 में खरीफ 2024 की तुलना में लगभग 4.08 लाख मीट्रिक टन ज़्यादा यूरिया का इस्तेमाल किया है, जो अच्छे मानसून के कारण ज़्यादा फसल वाले क्षेत्र की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए यूरिया की बेहतर उपलब्धता को दर्शाता है।

आधिकारिक बयान के अनुसार, डीओएफ घरेलू उत्पादन और खपत के बीच के अंतर को आयात के ज़रिए पाटने के लिए लगातार कोशिशें कर रहा है। घरेलू उत्पादन और बढ़ती मांग के बीच के अंतर को पाटने के लिए, सरकार ने आयात बढ़ाने के लिए काफी प्रयास किए। अप्रैल और अक्टूबर 2025 के बीच, भारत ने 58.62 लाख मीट्रिक टन एग्रीकल्चर-ग्रेड यूरिया आयात किया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 24.76 लाख मीट्रिक टन था। आयात में इस बढ़ोतरी से न केवल खरीफ 2025 के दौरान यूरिया की बढ़ी हुई मांग पूरी हुई, बल्कि आने वाले रबी सीज़न के लिए पर्याप्त बफर स्टॉक बनाने में भी सहायता मिली। परिणामस्वरूप कुल यूरिया स्टॉक एक अक्टूबर 2025 को 48.64 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 31 अक्टूबर 2025 तक 68.85 लाख मीट्रिक टन हो गया-जो 20.21 लाख मीट्रिक टन की बढ़ोतरी दिखाता है।

वहीं, जुलाई से अक्टूबर 2025 के महीनों में राज्यों को यूरिया की अब तक की सबसे ज़्यादा आपूर्ति (रेक की आवाजाही के मामले में) भी दर्ज की गई। यह किसानों के हित में यूरिया की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सरकार के सक्रिय प्रयासों को दिखाता है।

### चीन की कंपनी एक्सपेंग एयरोहट ने तैयार किया इलेक्ट्रिक विमान

# चीन ने उड़ने वाली कारों का परीक्षण उत्पादन किया शुरू

एजेंसी ▶▶| बीजिंग

चीन की एक कंपनी ने उड़ने वाली कारों का इस सप्ताह परीक्षण उत्पादन शुरू किया है। यह अमेरिका की कंपनी टेस्ला और अन्य द्वारा जल्द ही ऐसी कार पेश करने की योजना से पहले किया जा रहा है। चीन की इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माता कंपनी एक्सपेंग की सहयोगी कंपनी एक्सपेंग एयरोहट ने सोमवार को बड़े पैमाने पर उड़ने वाली कार बनाने के लिए दुनिया के पहले 'इंटेलिजेंस' कारखाने में परीक्षण उत्पादन शुरू किया। यह अगली पीढ़ी के परिवहन के व्यावसायीकरण में एक उपलब्धि है।



### कंपनी को पहले ही मिली बुकिंग

मस्क ने कहा कि "उम्मीद है" कि कार का अनावरण "कुछ महीनों में" किया जाएगा। एक अन्य अमेरिकी कंपनी एलेफ एयरोनॉटिक्स ने हाल ही में अपनी उड़ने वाली कार का परीक्षण किया है और घोषणा की है कि इसका व्यावसायिक उत्पादन जल्द ही शुरू होगा। एलेफ एयरोनॉटिक्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जिम डूखोवनी ने फॉक्स न्यूज को दिए साक्षात्कार में कहा कि उनकी कंपनी को पहले ही एक अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के 'प्री-बुकिंग' ऑर्डर मिल चुके हैं।

### प्रारंभिक श्रमता 5,000 इकाई की होगी

इस सुविधा को 10,000 अलग किए जा सकने वाले विमान मॉड्यूल की वार्षिक उत्पादन क्षमता के लिए तैयार किया गया है, जिसकी प्रारंभिक क्षमता 5,000 इकाइयों की होगी। रिपोर्ट में कहा गया कि इसकी उत्पादन क्षमता अपनी तरह के किसी भी कारखाने से सबसे अधिक है। संयंत्र के पूरी तरह चालू होने के बाद हर 30 मिनट में एक विमान को 'असेंबल' किया जाएगा।

### अब तक का सबसे कारगार वाहन होगा

एक्सपेंग ने टेस्ला द्वारा अपनी उड़ने वाली कार का संस्करण पेश करने से पहले इस योजना की घोषणा की। अमेरिकी टीवी चैनल फॉक्स ने टेस्ला के संस्थापक एलन मस्क के हवाले से कहा कि अमेरिकी पॉडकास्टर जो रोगन ने प्रौद्योगिकी के बारे में विशिष्ट जानकारी मांगी थी जैसे कि क्या मोटर वाहन में 'रिट्रैक्टेबल विंग' होगा, लेकिन मस्क ने बस इतना कहा कि यह अनावरण "अब तक का सबसे यादगार उत्पाद अनावरण" हो सकता है।

# Atal Bridge : तीन वर्षों में 77.71 लाख से अधिक लोगों ने की सैर, 27 करोड़ रुपए से अधिक की हुई आय

नई दिल्ली। भारत की पहली हेरिटेज सिटी अहमदाबाद में साबरमती नदी पर बना आइकॉनिक 'अटल ब्रिज' आज अहमदाबाद के लोगों सहित देश और दुनिया के सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है। छुट्टियां चाहे दिवाली की हो या गर्मियों की, अटल फुटओवर ब्रिज लोगों की सैर का एक पसंदीदा गंतव्य बन गया है।

बता दें कि पीएम मोदी ने 27 अगस्त, 2022 को अटल ब्रिज आम जनता के लिए खोला था। साबरमती रिवरफ्रंट डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एसआरएफडीसीएल) के ताजा आंकड़ों के मुताबिक 31 अगस्त, 2022 से अक्टूबर 2025 तक कुल 77,71,269 लोग अटल ब्रिज को देखने के लिए पहुंचे। इससे अहमदाबाद महानगर पालिका (एएमसी) को 27.70 करोड़ रुपए से अधिक की आय हुई है, जो अहमदाबाद के टूरिज्म क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उल्लेखनीय है कि अहमदाबाद गुजरात का सबसे बड़ा और आधुनिक शहर है, जिसने आधुनिकीकरण के साथ-साथ अपनी गौरवशाली विरासत को भी संजोकर रखा है। मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में अहमदाबाद शहर में आने वाले पर्यटकों को एक अभूतपूर्व अनुभव प्रदान करने के लिए विभिन्न पर्यटन आकर्षण विकसित किए गए हैं। गांधी आश्रम, साबरमती रिवरफ्रंट, कांकरिया लेकफ्रंट, दुनिया का सबसे बड़ा नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद की पुरानी पोळ संस्कृति, अहमदाबाद हेरिटेज वॉक आदि पर्यटन आकर्षणों को देखने के लिए लाखों पर्यटक अहमदाबाद की यात्रा करते हैं। इनमें, विशेष रूप से अटल फुट ओवर ब्रिज आधुनिक स्थापत्य, गुजराती संस्कृति और नगरीय सौंदर्य का जीवंत प्रतीक है। अटल ब्रिज का निर्माण साबरमती रिवरफ्रंट डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एसआरएफडीसीएल) द्वारा किया गया है, जो अहमदाबाद महानगर पालिका (एएमसी) के पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी है। एसआरएफडीसीएल द्वारा दिए गए वर्षवार आंकड़ों की बात करें, तो 31 अगस्त, 2022 से मार्च 2023 के दौरान 21.62 लाख पर्यटक अटल ब्रिज देखने के लिए पहुंचे थे, जिससे 6.44 करोड़ रुपए की आय हुई। अप्रैल 2023 से मार्च 2024 के दौरान 26.89 लाख आगंतुकों से 8.24 करोड़ रुपए की आय तथा अप्रैल 2024 से मार्च 2025 के दौरान 20.67 लाख आगंतुकों से 8.19 करोड़ रुपए की आय हुई। वहीं, अप्रैल 2025 से अक्टूबर 2025 तक 8.51 लाख आगंतुक अटल ब्रिज घूमने आ चुके हैं, जिससे अहमदाबाद महानगर पालिका को 4.82 करोड़ रुपए की आय अर्जित हुई है।



इस आइकॉनिक अटल ब्रिज को लगभग 74 करोड़ रुपए की लागत से तैयार किया गया है। अब तक, अहमदाबाद महानगर पालिका को अटल ब्रिज से 27.70 करोड़ रुपए की आय हो चुकी है। इस प्रकार, अहमदाबाद महानगर पालिका ने अटल ब्रिज के निर्माण पर हुए कुल खर्च का 37 फीसदी से अधिक हिस्सा रिकवर कर लिया है।



# रोमांस के बाद एडल्ट कॉमेडी लेकर आए मिलाप जावेरी

मंबई। रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदसानी की एडल्ट कॉमेडी फ्रेंचाइजी मस्ती का चौथा भाग 'मस्ती 4' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। 3 मिनट 4 सेकंड के इस ट्रेलर को देखकर पता चलता है कि फिल्म का कॉन्सेप्ट एक बार फिर एडल्ट कॉमेडी ही है। जहां फिल्म के तीनों प्रमुख कलाकार रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदसानी एडल्ट जोक मारते नजर आएंगे। ट्रेलर में भी कई तरह के एडल्ट जोक सुनाई दे रहे हैं। मस्ती 4 का निर्देशन रोमांटिक फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' फेम निर्देशक मिलाप जावेरी ने किया है।

## लाइफ Style

# यामी

## मेरे लिए दर्शक ही सबसे बड़ा पुरस्कार

अभिनेत्री यामी गौतम इन दिनों अपनी आगामी फिल्म हक को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। हक अपनी रिलीज के करीब है और यामी फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त है। विकी डोनर से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने वाली यामी गौतम ने अपने कैरियर में कई सराहनीय भूमिकाएं भी निभाई हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

अब यामी ने कोई बड़ा अवॉर्ड न जीत पाने पर कहा कि इन पुरस्कारों को खोना उन्हें परेशान नहीं करता। इस दौरान भगवत गीता का जिक्र करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि जितना मैंने भागवत गीता को समझा है, भगवान कृष्ण ने अर्जुन से जो कहा वह सच है। ऐसा नहीं है कि मैं सबसे आदर्श इंसान की तरह इतनी अलग हो गई हूं, लेकिन अगर आपमें सफलता और हारने के डर से अलग होने या किसी और के नजरिए से मान्यता पाने की क्षमता है, तो आप ठीक हैं। मैंने किसी से किसी भी तरह की मान्यता लेना बंद कर दिया है। अगर अवॉर्ड मिलता है तो मैं बहुत अच्छी एक्ट्रेस हूं, वरना शायद नहीं हूं। ऐसा मेरे साथ बिल्कुल भी नहीं है। साल 2013 में आई अपनी पहली फिल्म विकी डोनर के लिए यामी ने बेस्ट डेब्यू फीमेल के कई अवॉर्ड जीते थे। लेकिन, उसके बाद कई बड़े अवॉड्र्स में नामित होने के बाद भी, यामी उन्हें जीत नहीं पाईं। इस पर अभिनेत्री ने कहा कि अब वह दर्शकों की प्रतिक्रिया से अपनी मान्यता लेती है। मेरे दर्शक मुझे प्यार करते हैं, कुछ निर्देशक और निर्माता मुझ पर दांव लगाने को तैयार हैं, इससे बड़ा पुरस्कार मेरे लिए क्या है। बाकी सब आना जाना है। लेकिन अगर यह किसी को खुश करता है, तो बढ़िया।



## हॉलीवुड मसाला



# जोनाथन को मिला अजीब टाइटल

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड अभिनेता जोनाथन बेली को पीपल मैगजीन ने सेक्सिएस्ट मैन अलाइव 2025 का खिताब दिया है। यह जानकारी सोमवार को जिमी फॉलन के शो में शेयर की गई। इस बात की जानकारी जब जोनाथन बेली को लगी तो उन्होंने अपना रिएक्शन दिया। जिमी फॉलन के शो में ब्रिटिश एक्टर जोनाथन बेली ने बताया कि अपने नए खिताब की जानकारी उन्हें साल की शुरुआत में मिली। वह मजाकिया अंदाज में कहते हैं, मैं खुश हूं कि 2025 में पीपल मैगजीन ने मुझे इस खिताब के लिए चुना। मैं इस अचीवमेंट की कद्र करता हूं।




# चाइनाटाउन और वाइल्ड हार्ट से जीता दर्शकों का दिल

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड की दिग्गज एक्ट्रेस डायने लैड अब इस दुनिया में नहीं हैं। 200 से अधिक फिल्मों में काम करने वाली अमेरिकी एक्ट्रेस का 89 साल की उम्र में निधन हो गया है। चाइनाटाउन और वाइल्ड एट हार्ट जैसी फिल्मों से दिल जीतने वाली डायने लैड के निधन ने हर किसी को सदमे में डाल दिया है। तीन बार ऑस्कर अवॉर्ड के लिए नॉमिनेशन पा चुकीं एक्ट्रेस की बेटी लॉरा डर्न ने मां के निधन की पुष्टि करते हुए दुखद खबर शेयर की है। लॉरा डर्न ने मां को अद्भुत अभिनेत्री और मां के रूप में एक उपहार बताया है। डायने लैड का वायरल हो रहा आखिरी इंस्टाग्राम पोस्ट कई हफ्ते पहले, 17 सितंबर, 2025 का है। इसमें उन्होंने फैंस के साथ यह खबर शेयर की थी कि उनकी 2020 की फिल्म 'द लास्ट फुल मेजर' को कई प्लेटफार्मों पर ओटीटी रिलीज मिली है।



# एक बार फिर अपराध को मिटाने निकलीं


मुंबई। नेटफ्लिक्स की हिट सीरीज 'दिल्ली क्राइम' अपने नए सीजन के साथ वापस लौट रहा है। अब इस सीरीज के तीसरे सीजन का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज किया गया है। जिसे देखकर पता चलता है कि इस बार कहानी पिछले दोनों सीजन से ज्यादा इंटेंस और खतरनाक होने वाली है। इस बार डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी (शेफाली शाह) का मुकाबला हुमा कुरैशी से होगा। तीसरे सीजन में कहानी दिल्ली से आगे निकलती है। 2 मिनट 31 सेकंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि देश के अलग-अलग राज्यों की लड़कियों की तस्करी की जा रही है। इन लडकियों के बेचने का काम हुमा (बड़ी दीदी) करती हैं। इस गिरोह का पर्दाफाश करने की जिम्मदारी शेफाली (डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी) को मिलती है। बड़ी दीदी को पकड़ने के लिए डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी अपनी टीम के साथ लग जाती हैं।



# हिंदी फिल्म में काम करेंगे दग्गुबाती

मुंबई। बाहुबली फेम अभिनेता व निर्माता राणा दग्गुबाती की प्रोडक्शन कंपनी स्पिरिट मीडिया ने अपनी पांच आगामी फिल्मों की घोषणा कर दी है। सबसे खास बात कि इस लिस्ट में राणा दग्गुबाती के प्रोडक्शन हाउस की पहली हिंदी फिल्म भी शामिल है। इसमें बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता मनोज बाजपेयी नजर आएंगे। राणा दग्गुबाती के स्पिरिट मीडिया की पहली हिंदी फिल्म अरविंद अडिगा के लोकप्रिय उपन्यास 'लास्ट मैन इन टावर' का रूपांतरण होगी। इस फिल्म में मनोज बाजपेयी प्रमुख भूमिका में होंगे। इस फिल्म का निर्देशन अमेरिकी निर्देशक बेन रेखी करेंगे, जिन्होंने पहले आश्रम (2018) और वॉच लिस्ट (2019) का निर्देशन किया था। फिल्म की कहानी भारत की पृष्ठभूमि में नैतिक समझौतों, महत्वाकांक्षाओं और मानवीय रिश्तों की नाजुकता को दर्शाती है।

## टीवी मसाला



# मॉर्डन लव की जर्नी दिखाएगा शो स्प्लिट्सविला एक्स-6

नई दिल्ली। सीरियल 'कितनी मोहब्बत है'से करण कुंद्रा को पॉपुलैरिटी मिली। इसके बाद वह कई टीवी सीरियल का हिस्सा बने। आगे चलकर रियलिटी शो के होस्ट के तौर पर भी नजर आए। एमटीवी के रोडीज और लव स्कूल को करण कुंद्रा होस्ट कर चुके हैं। जल्द ही वह 'स्प्लिट्सविला एक्स-6' को होस्ट करेंगे। शो में उनकी को-होस्ट सनी लियोनी हैं। 'सप्लिट्सविला एक्स-6' को लेकर करण कुंद्रा काफी एक्साइटेड हैं। एक बातचीत में कहते हैं, 'मैं 6 साल बाद एमटीवी पर वापस आ रहा हूं यह बिल्कुल घर लौटने जैसा है। सप्लिट्सविला शो तो मुझे हमेशा पसंद है। यह शो मॉर्डन लव की जर्नी को दिखाता है। स्प्लिट्सविला के नए सीजन को सनी लियोनी के साथ होस्ट करना एक शानदार एक्सपीरियंस होगा। मैं यह देखने के लिए एक्साइटेड हूं कि कंटेस्टेंट्स क्या नए ट्विस्ट शो में लेकर लाते हैं। मुझे भरोसा है कि यह सीजन पहले से ज्यादा बोल्ड होगा, सरप्राइज से भरा होगा। करण कुंद्रा ने तनुज विरवानी को सप्लिट्सविला के नए सीजन में रिप्लेस किया है। जहां तक शो के कॉन्सेप्ट की बात है तो इसमें यंग लड़के, लड़कियां एक विला में साथ रहते हैं। यहां पर वह किसी खास शख्स के प्यार को पाने की कोशिश करते हैं। शो के दौरान कंटेस्टेंट्स को कई टास्क भी दिए जाते हैं। शो के आखिरी में एक कपल को विनर बनाया जाता है।


## बिग बॉस 19 बन गया जंग का मैदान

नई दिल्ली। बिग बॉस 19 के अपकमिंग एपिसोड के कुछ प्रोमो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। शहबाज का पारा इन वीडियो में काफी गर्म नजर आ रहा है। वह मालती चाहर और तान्या मित्तल से बहसबाजी करते दिख रहे हैं। प्रोमो वीडियो में मालती चाहर ने शहबाज को कहा कि वह अमाल का सहारा ले रहा है। इस पर शहबाज ने मालती को दोगला कहा। शहबाज का कहना था कि कम से कम वह किसी के कंधे पर रखकर बंदूक तो नहीं चलता है।



दोनों की यह बातचीत धीरे-धीरे झगड़े में बदल गई। अमाल मलिक ने बीच में आकर दोनों को चुप कराना चाहा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। एक और प्रोमो वीडियो में तान्या मित्तल को भी शहबाज ने काफी कुछ सुनाया। वह कहते हैं, 'मैं बताता हूं तान्या की सच्चाई। यह हर बात पर रोती है, लोगों को बताना चाहती है कि मैं कितनी अच्छी हूं।' आगे अशनूर ने भी तान्या पर तंज कसा कि वह सिम्पेथी कार्ड खेल रही है। पिछले हफ्ते बिग बॉस 19 से स्टैंडअप कॉमेडियन प्रणीत मोरे बाहर हुए। इस हफ्ते भी कई प्रतियोगी घर से बाहर होने के लिए नॉमिनेट होंगे। इन दिनों शो में सबसे ज्यादा चर्चा में सिंगर अमाल मलिक, तान्या मित्तल और मालती चाहर हैं।

# आलिया-शर्वरी की फिल्म अल्फा की रिलीज टली




मुंबई। आलिया भट्ट, शर्वरी वाघ और बॉबी देओल स्टारर अल्फा की रिलीज टल गई है। वीआरएफ स्पाई यूनिवर्स की यह एक्शन एंटरटेनर पहले इसी साल क्रिसमस के मौके पर रिलीज होने वाली थी। लेकिन अब इसे अगले साल अप्रैल, 2026 तक के लिए पोस्टपोन कर दिया गया है। अब यह फिल्म 17 अप्रैल, 2026 को रिलीज होगी। बताया गया है कि फिल्म के वीएफएक्स का काम अभी बाकी है और इसे बेहतरीन विजुअल एक्सपीरियंस देने के लिए अभी और वक्त लगेगा। 'अल्फा' के साथ ही 'स्पाई यूनिवर्स' में आलिया भट्ट और शर्वरी वाघ की एंट्री होने वाली है। इस फिल्म में अनिल कपूर भी नजर आएंगे, जो हाल ही फ्रेंचाइज की फिल्म 'वॉर 2' में भी नजर आए थे। 'अल्फा' को पोस्टपोन करने का फैसला ऐसे समय आया है, जब फ्रेंचाइजी की पिछली दो फिल्में 'वॉर 2' और 'टाइगर 3' बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक कमाई नहीं कर पाईं। समझा जा रहा है कि मेकर्स ऐसे में सीरीज की अगली फिल्म में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। यशराज फिल्म्स के एक प्रवक्ता ने बयान में कहा है,'अल्फा, हमारे लिए बेहद खास फिल्म है और हम इसे सबसे बेहतरीन सिनेमाई अंदाज में दर्शकों के सामने पेश करना चाहते हैं। हमें एहसास हुआ कि वीएफएस में पहले के अनुमान से अधिक समय लगेगा। हम इसमें कोई भी कमी नहीं छोड़ना चाहते हैं और अल्फा को एक ऐसी थिएट्रिकल एक्सपीरियंस बनाना चाहते हैं, जिसे लोग याद रखें।

# किंग में शाहरुख का विलेन राघव और अभिषेक से तगड़ी भिड़ंत, बाप-बेटी मचाएंगे तबाही

*शाहरुख खान ने अपने 60वें जन्मदिन पर अपनी फिल्म 'किंग' के टाइटल को रिलीज किया। अब फिल्म से जुड़ी कुछ बातें निकलकर सामने आई हैं। इनमें सबसे बड़ी बात ये है कि फिल्म में दो टाइमलाइन होगी। शाहरुख की लाइफ के अलग-अलग फेज दिखाए जाएंगे।*



मुंबई। एक रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख खान के 'किंग' की दो अलग-अलग टाइमलाइन होंगी। कथित तौर पर, एक्टर अपनी लाइफ के कई फेजेस में अपना किरदार निभाते नजर आएंगे। रिपोर्ट की मानें तो शाहरुख खान के किरदार का यंग वर्जन राघव जुयाल से लड़ेगा, जो कथित तौर पर एक खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं। इस बीच, रिपोर्ट के अनुसार बड़े किंग विलन अभिषेक बच्चन से भिड़ेंगे। शाहरुख और अभिषेक कई सालों बाद फिर से पर्दे पर साथ नजर आएंगे। दोनों ने आखिरी बार कभी अलविदा ना कहना और हैप्पी न्यू ईयर में साथ काम किया था। वहीं, राघव जुयाल ने हाल ही में शाहरुख के बेटे आर्यन खान के निर्देशन में बनी पहली फिल्म द बैड्स ऑफ बॉलीवुड में अपनी एक्टिंग से सभी को चौंका दिया था। इस फिल्म से शाहरुख की बेटी सुहाना खान बड़े पर्दे पर डेब्यू करेंगी। उन्होंने नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई जोया अख्तर की फिल्म 'द आर्चीज' से अपने एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। पिता-बेटी की इस जोड़ी के अलावा, फिल्म में अनिल कपूर, दीपिका पादुकोण, रानी मुखर्जी, अरशद वारसी, जयदीप अहलावत, जीशु सेनगुप्ता, अक्षय ओबेरॉय, राघव जुयाल, अभय वर्मा और सौरभ शुक्ला भी हैं। सिद्धार्थ आनंद के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## बिना बैट थामे, मैदान के बाहर रहकर असली खिलाड़ी बनकर दिखाया

# क्रिकेट बोर्ड के पास नहीं थे पैसे, तब इस एक्ट्रेस ने खुद उठाया पूरा खर्चा

*नई दिल्ली। वो अक्सर कैमरे के सामने मुस्कुराती दिखती थीं। कभी क्रिकेट शो होस्ट करते हुए, कभी किसी इवेंट में अपने स्टाइल से सबका ध्यान खींचते हुए। लेकिन, किसी को नहीं पता था कि कैमरे के पीछे वो कुछ ऐसा कर रही थीं, जो इतिहास में दर्ज हो जाएगा। 2000 के दशक की शुरुआत में जब भारतीय महिला क्रिकेट टीम के पास फंड नहीं था, तब एक टीवी स्टार और एक्ट्रेस ने चुपचाप मदद का हाथ बढ़ाया। आखिर कौन थीं वो बॉलीवुड की इनविजिबल स्पॉन्सर? अगर आप अब तक समझ नहीं पाए हैं तो आपको बता दें कि वह कोई और नहीं, बल्कि बेहद खूबसूरत और ग्लैमरस मंदिरा बेदी हैं।*



### जब पैसों से नहीं दिल से हुई मदद

दरअसल, मंदिरा बेदी ने उस वक्त महिला क्रिकेट टीम को संभाला जब उनके पास जर्नी तक के पैसे तक नहीं थे। उन्होंने अपनी कमाई, यानी पूरी एंडोर्समेंट फीस, टीम को दे दी ताकि खिलाड़ी विदेश में खेल सकें, टिकट खरीद सकें और तैयारी जारी रख सकें। इतना ही नहीं, उन्होंने एक ज्वेलरी ब्रांड को भी टीम के स्पॉन्सर के रूप में जोड़ने में अहम भूमिका निभाई। ये किसी फिल्मी स्क्रिप्ट जैसा था, जहां ग्लैमर वर्ल्ड की स्टार पर्दे के पीछे असली हीरो बन गईं।

### जिसने बदलाव की नींव रखी



मंदिरा बेदी की ये मदद उस समय किसी चमत्कार से कम नहीं थी। जब महिला क्रिकेट को लेकर किसी को भरोसा नहीं था, तब उन्होंने बिना किसी शोर के अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया। उनकी वजह से खिलाड़ियों को खेलने का मौका मिला, टीम टूटी नहीं, बल्कि और मजबूत होती गई। वक्त बीतता गया, हालात बदले और आखिर 2006 में बीसीसीआई ने महिला क्रिकेट को अपने अधीन ले लिया। तब जाकर दुनिया को समझ आया कि कभी किसी ने चुपचाप इस सपने को जिंदा रखा था। मंदिरा बेदी ने बिना बैट थामे, मैदान के बाहर रहकर असली खिलाड़ी बनकर दिखाया।

# आईसीसी विश्व कप टूर्नामेंट टीम में स्मृति, जेमिमा, दीप्ति शामिल, हरमनप्रीत को नहीं मिली जगह

एजेंसी ▶▶| दुबई

महिला वनडे विश्व कप में भारत को चैंपियन बनने में अहम भूमिका निभाने वाली स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की घोषित की गई टूर्नामेंट की टीम में शामिल किया गया है। इस टीम में भारत की महिला क्रिकेट टीम के कप्तान हरमनप्रीत को जगह नहीं मिली है।दक्षिण अफ्रीका की तीन खिलाड़ियों को टूर्नामेंट की टीम में जगह मिली है। इनमें उसकी कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट भी शामिल हैं। लौरा ने 71.37 की औसत से 571 रन बनाकर किसी एक विश्व कप में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया।



## दक्षिण अफ्रीका की तीन खिलाड़ियों को मिली जगह, कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट शामिल

### दीप्ति ने अपने ऑलराउंड खेल से किया प्रभावित

सलामी बल्लेबाज मंधाना ने 54.25 की औसत से एक शतक और दो अर्द्धशतक की मदद से 434 रन बनाए। वह टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर रही। रोड्रिग्स ने एक शतक और एक अर्धशतक की मदद से 58.40 की औसत से 292 रन बनाए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में नाबाद 127 रन बनाकर भारत को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। दीप्ति ने अपने ऑलराउंड खेल से प्रभावित किया। उन्होंने 30.71 की औसत से 215 रन बनाने के अलावा 20.40 की औसत से 22 विकेट भी लिए। उन्होंने टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट हासिल किए। दीप्ति ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में 58 रन बनाने के अलावा 39 रन देकर पांच विकेट भी लिए। उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।



### पाकिस्तान की विकेटकीपर सिदरा नवाज शामिल

आईसीसी के अनुसार सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम की तीन खिलाड़ियों एनाबेल सदरलैंड, ऐश गार्डनर और लेग स्पिनर अलाना किंग को भी टीम में शामिल किया गया है। पाकिस्तान की विकेटकीपर सिदरा नवाज टीम में शामिल एकमात्र ऐसी खिलाड़ी है, जिनकी टीम सेमीफाइनल में नहीं पहुंची। इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन को भी टीम में शामिल किया गया है, जिनके अच्छे प्रदर्शन से उनकी टीम सेमीफाइनल तक पहुंची। उनकी हमवतन नैट स्किवर-ब्रंट को 12वें खिलाड़ी के रूप में नामित किया गया है।

### आईसीसी महिला विश्व कप टूर्नामेंट की टीम

1. स्मृति मंधाना (भारत)
2. लौरा वोल्वार्ड्ट (कप्तान) (दक्षिण अफ्रीका)
3. जेमिमा रोड्रिग्स (भारत)
4. मारिज़ेन काप (दक्षिण अफ्रीका)
5. ऐश गार्डनर (ऑस्ट्रेलिया)
6. दीप्ति शर्मा (भारत)
7. एनाबेल सदरलैंड (ऑस्ट्रेलिया)
8. नादिन डी क्लार्क (दक्षिण अफ्रीका)
9. सिदरा नवाज (विकेटकीपर) (पाकिस्तान)
10. अलाना किंग (ऑस्ट्रेलिया)
11. सोफी एक्लेस्टोन (इंग्लैंड)
12. नैट स्किवर-ब्रंट (इंग्लैंड)

## खबर संक्षेप




### चोट के कारण बीबीएल 15 से बाहर हुए अश्विन

चेन्नई। पूर्व भारतीय क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन के ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग (बीबीएल) में खेलने का इंतजार था लेकिन घुटने की चोट के कारण वह पूरे सत्र से बाहर हो गए हैं। अश्विन सिडनी थंडर टीम का हिस्सा थे। अश्विन ने पिछले साल के आखिर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से और अगस्त 2025 में आईपीएल से संन्यास ले लिया था, जिससे कि वह दुनिया भर की टी20 लीग पर ध्यान केंद्रित कर सकें, जिसमें बीबीएल, द हंड्रेड और एसए20 शामिल हैं। अश्विन ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'आने वाले सत्र की तैयारी के लिए चेन्नई में ट्रेनिंग के दौरान मेरे घुटने में चोट लग गई। मैं बीबीएल 15 में नहीं खेल पाऊंगा। यह कहना काफी मुश्किल है। मैं इस समूह का हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्साहित था।' बीबीएल 15 की शुरुआत 14 दिसंबर से होगी।

### चैलेंजर ट्रॉफी में खेलेंगे द्रविड़ के बेटे अन्वय

नई दिल्ली। भारत के दिग्गज बल्लेबाज राहुल द्रविड़ के छोटे बेटे अन्वय को बुधवार से हैदराबाद में शुरू होने वाली पुरुष अंडर19 वनडे चैलेंजर ट्रॉफी के लिए चार टीमों में से एक में शामिल किया गया। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज और विकेटकीपर अन्वय को इस टूर्नामेंट के लिए टीम सी में शामिल किया गया है। यह टूर्नामेंट प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है और युवा क्रिकेटरों को अपना कौशल दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करता है। बीसीसीआई के अनुसार, 'जूनियर चयन समिति ने पांच से 11 नवंबर, 2025 तक हैदराबाद में होने वाली आगामी आईडीएफसी फर्स्ट बैंक पुरुष अंडर19 वनडे चैलेंजर ट्रॉफी के लिए टीमों का चयन किया है।' आरोन जॉर्ज की अगुवाई वाली टीम सी शुक्रवार को वेदांत त्रिवेदी की अगुवाई वाली टीम बी के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।



### एलएसजी के वैश्विक क्रिकेट के निदेशक बने टॉम मूडी

लखनऊ। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीम लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर टॉम मूडी को इस टी20 लीग के आगामी सत्र के लिए अपना वैश्विक क्रिकेट निदेशक नियुक्त किया। आईपीएल में व्यापक अनुभव रखने वाले 60 वर्षीय मूडी सनराइजर्स हैदराबाद के दो बार मुख्य कोच रह चुके हैं। उन्होंने 2022 में ब्रायन लारा के मुख्य कोच बनने पर यह फ्रैंचाइजी छोड़ दी थी। एलएसजी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर मूडी की एक तस्वीर पोस्ट की जिसका शीर्षक है 'अनुभव। दृष्टि। नेतृत्व कौशल। सुपर जायंट्स यूनिवर्स में आपका स्वागत है, टॉम मूडी।'' मूडी ने ऑस्ट्रेलिया की तरफ से आठ टेस्ट और 76 एकदिवसीय मैच खेले। उन्होंने दोनों प्रारुपों में कुल मिलाकर 1667 रन बनाए और 54 विकेट लिए।



## यशस्वी ने 120 गेंदों पर 11 चौकों की मदद से पूरा किया शतक

# रणजी ट्रॉफी में जायसवाल के 1 हजार रन पूरे, राजस्थान के खिलाफ ठोकी सेंचुरी

एजेंसी ▶▶| जयपुर

23 साल के यशस्वी जायसवाल ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले रणजी ट्रॉफी में कमाल कर दिया। जायसवाल ने रणजी ट्रॉफी मैच में मुंबई के लिए शानदार शतक जड़ा। उन्होंने राजस्थान के खिलाफ जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में बड़ी पारी खेली। इसी के साथ मुंबई के लिए उनके नाम 1 हजार रणजी ट्रॉफी रन हो गए हैं।

मुंबई की पहली पारी 254 रन पर सिमटने के बाद राजस्थान ने छह विकेट पर 617 रन बनाकर अपनी पहली घोषित की। इसके बाद दूसरी पारी में तीसरे दिन यशस्वी ने अर्धशतक पूरा कर लिया था। चौथे दिन यानी मंगलवार को अपनी पारी को आगे बढ़ाते हुए जायसवाल ने शतक पूरा किया। जायसवाल ने चौथे दिन 120 गेंदों पर 11 चौकों की मदद से अपना शतक पूरा किया।

यह शतक जायसवाल का 2019 में डेब्यू के बाद से रणजी ट्रॉफी में केवल 21 पारियों में मुंबई के लिए पांचवां शतक है। 23 साल के बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने कुल 17 फर्स्ट क्लास शतक लगाए हैं, जिसमें सात टेस्ट शतक शामिल हैं।



### हरियाणा ने गुजरात को चार विकेट से हराया

अहमदाबाद। निचले क्रम के बल्लेबाजों पार्थ वत्स और यशवर्धन दलाल की उम्दा पारियों से हरियाणा ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के चौथे और अंतिम दिन स्पिन की अनुकूल पिच पर गुजरात को चार विकेट से हरा दिया। गुजरात के 62 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए हरियाणा ने दो रन पर ही दो विकेट गंवा दिए। दोनों सलामी बल्लेबाज लक्ष्य दलाल और कप्तान अंकित कुमार चौथे ओवर तक ही पवेलियन लौट गए जबकि मयंक शांडिल्य (03) और निशांत सिंधू (13) भी नाकाम रहे, जिससे हरियाणा का स्कोर 23वें ओवर में छह विकेट पर 43 रन हो गया। विकेटकीपर यशवर्धन (नाबाद 14) और वत्स (नाबाद 13) ने हालांकि टीम का स्कोर छह विकेट पर 62 रन तक पहुंचाकर हरियाणा को जीत और छह अंक दिला दिए। बाएं हाथ के स्पिनरों विशाल जायसवाल (23 रन पर तीन विकेट) और सिद्धार्थ देसाई (25 रन पर दो विकेट) ने मिलकर पांच विकेट चटकाए।

### रेलवे ने हासिल किए तीन अंक असम को मिला एक अंक



गुवाहाटी में वर्षा से प्रभावित मैच में रेलवे के 224 रन के जवाब में असम की टीम 209 रन ही बना सकी। रेलवे ने पहली पारी की बढ़त के आधार पर तीन अंक हासिल किए जबकि असम को एक अंक मिला। असम की ओर से स्वरूपम पुरकायस्थ ने नाबाद 121 रन बनाए। रेलवे की तरफ से आदर्श सिंह ने 48 रन पर छह विकेट चटकाए। रेलवे ने जब दूसरी पारी में एक विकेट पर 97 रन बनाए थे तब दोनों कप्तान मैच ड्रॉ कराने को राजी हो गए।

### त्रिपुरा की बंगाल पर महत्वपूर्ण बढ़त

अगरतला में त्रिपुरा ने बंगाल के 336 रन के जवाब में 385 रन बनाकर पहली पारी में महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की और तीन अंक जुटाए। बंगाल को एक अंक मिला। बंगाल ने दूसरी पारी में जब तीन विकेट पर 90 रन बनाए थे तब दोनों टीम के कप्तान मैच ड्रॉ कराने को राजी हो गए। त्रिपुरा की ओर से कप्तान मणिपुर मूरासिंह ने नाबाद 102 जबकि हनुमा विहारी ने 141 रन बनाए।

### उत्तराखंड ने सेना को 17 रन से हराया

दिल्ली में हुए ग्रुप सी के एक अन्य मैच में उत्तराखंड ने सेना को 17 रन से हराया। उत्तराखंड के 123 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सेना की टीम 105 रन पर सिमट गई।

# शतरंज विश्वकप के दूसरे दौर में पहुंचे ग्रैंडमास्टर नारायणन



एजेंसी ▶▶| पणजी

भारत के एसएल नारायणन ने पेरू के स्टीबन रोजास को हराकर शतरंज विश्वकप के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है।


■ अगला मुकाबला इंग्लैंड के निकिता वित्यूगोव से

वह टाई ब्रेकर के जरिए राउंड ऑफ-128 में पहुंचने वाले पहले गैरवरीय खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने पेरू के ग्रैंडमास्टर स्टीवन रोजास को 3-1 से मात दी। पहले दो मुकाबले ड्रॉ रहने के बाद उन्होंने शानदार खेल दिखाया और दो मुकाबले अपने नाम किए। अब उनका मुकाबला इंग्लैंड के निकिता वित्यूगोव से होगा। उनके बाद भारत के दिप्तायन घोष ने चीन के पेंग शियोंगजियन से दोनों टाई-ब्रेकर गेम जीतकर क्वालिफाई किया।

वह दूसरे दौर में अमेरिकी इयान नेपोम्नियाची से भिड़ेंगे। वी प्रणव ने अल्जीरिया के अला एद्दिने बौलरेन्स को 2-0 से, रौनक साधवानी ने डेनियल बैरिश को 1.5-0.5 से, एम प्रणेश ने सतबेक अखेंदिनोव को 1.5-0.5 से मात दी।

### पहले दौर में हारकर बाहर हुईं दिव्या देशमुख

विश्वकप में एकमात्र महिला खिलाड़ी ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख पहले दौर में ही हारकर बाहर हो गई। उन्हें पहले दौर में ग्रीस के ग्रैंडमास्टर स्टामाटिस कौरकौलोस-आर्दितिस से दोनों मुकाबले हारकर बाहर हो गई। भारत के अन्य शीर्ष खिलाड़ी डी.गुकेश, आर प्रगनानंदा, अर्जुन एरिगैसी, विदित गुजराती को पहले दौर में बाय मिला है। वह अगले दौर में खेलते नजर आएंगे।



## आईसीसी वनडे रैंकिंग

# मंधाना को पीछे छोड़ नंबर एक बनीं वोल्वार्ट, जेमिमा टॉप-10 में शामिल



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम महिला एक दिवसीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गई है लेकिन जेमिमा रोड्रिग्स नौ स्थान की छलांग लगाकर 10वें स्थान पर पहुंच गईं।

दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट नवीनतम सूची में दो स्थान ऊपर चढ़कर पहले स्थान पर पहुंच गई हैं। सेमीफाइनल और फाइनल दोनों में शतक जड़ने के अपने अविश्वसनीय प्रदर्शन के बाद वोल्वार्ड्ट ने मंधाना को पीछे छोड़ दिया। वोल्वार्ड्ट ने टूर्नामेंट में 571 रन बनाए, जो किसी एक विश्व कप में सर्वाधिक रन का नया रिकॉर्ड है। इससे वह अपने करियर की सर्वोच्च रेटिंग 814 हासिल करने में सफल रही।

### रोड्रिग्स का शीर्ष 10 में प्रवेश

रोड्रिग्स ने शीर्ष 10 में प्रवेश किया, जबकि फोबे लिचफील्ड ने उसी मैच में शतक की बदौलत 13 स्थान की छलांग लगाकर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 13वीं रैंकिंग (637) हासिल की। आस्ट्रेलिया की एलिस पेरी सातवें स्थान पर पहुंच गईं। उन्होंने न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन के साथ संयुक्त सातवां स्थान हासिल किया। डिवाइन पहले ही वनडे से संन्यास लेने की घोषणा कर चुकी है।

### 14वें स्थान पर हरमनप्रीत

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर भी चार स्थान ऊपर चढ़कर 14वें स्थान पर पहुंच गयीं। गेंदबाजी रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका की मारिजाने काप अब सोफी एक्लेस्टोन को शीर्ष स्थान से हटाने के करीब पहुंच गई हैं। उनके अब 712 रेटिंग अंक हो गए हैं। भारत की दीप्ति शर्मा विश्व कप फाइनल में 58 रन बनाने के अलावा पांच विकेट लेने के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑलराउंडर की सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गई है।



### वर्ल्ड कप जीतने के बाद शेफाली को मिली उत्तर क्षेत्र की कप्तानी

नई दिल्ली। महिला वनडे विश्व कप में खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाली शेफाली वर्मा को नगालैंड में शुरू हो रही सीनियर अंतरक्षेत्रीय टी20 ट्रॉफी के लिए उत्तर क्षेत्र का कप्तान नियुक्त किया गया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को नवी मुंबई में खेले गए महिला वनडे विश्व कप के फाइनल में 21 वर्षीय शेफाली ने 87 रन बनाने के अलावा 36 रन देकर दो विकेट भी लिए और उन्हें मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। भारत ने यह मैच 52 रन से जीत कर पहली बार विश्व कप अपने नाम किया। शेफाली को चोटिल प्रतिका रावल की जगह सेमीफाइनल से पहले टीम में दिया गया था। नगालैंड में चार से 14 नवंबर तक होने वाली सीनियर महिला अंतरक्षेत्रीय टी20 ट्रॉफी में छह टीमें हिस्सा लेंगी। बीसीसीआई की क्षेत्रीय चयन समितियों ने अपनी-अपनी टीमों का चयन किया।



# आरजीपीवी नोडल वॉलीबॉल के महिला वर्ग में एलएनसीटी की टीम बनी विजेता

रॉयल पत्रिका

एलएनसीटी कैंपस रायसेन रोड में राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के तत्वाधान में लक्ष्मी नारायण कॉलेज ऑफ़ टेक्नोलॉजी साइंस भोपाल द्वारा आयोजित आरजीपीवी नोडल वॉलीबॉल महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता 2025-26 महिला वर्ग के फाइनल रोमांचक मुकाबले में एलएनसीटी ने टीआईटी को 2-0 से हराकर फाइनल खिताब हासिल किया।

महिला वर्ग के प्रतियोगिता के समापन अवसर पर डॉ. अमितबोध उपाध्याय ओएसडी एलएनसीटीएस, पंकज जैन स्पोर्ट्स डायरेक्टर एलएनसीटी, लेफ्टिनेंट अनुराग चौकसे जेएनसीटी, द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। महिला वर्ग में बेस्ट लिफ्टर का अवार्ड आशी राठौर एलएनसीटी, बेस्ट अटैकर रानी टीआईटी, बेस्ट लिब्रो निधि पटवा एलएनसीटी को दिया गया।



### आज पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले

एलएनसीटी विजेता टीम में अनुष्का यादव, आशी राठौर, निधि पटवा, प्रतीक्षा, अंशिका, उदिता, रेखा, भूमि, लक्ष्मी, समृद्धि, नंदिनी, मानवी इत्यादि खिलाड़ी शामिल थी। प्रतियोगिता सचिव महेश सोधिया ने बताया कल प्रतियोगिता मे पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे एवं पुरस्कार वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन खेल अधिकारी मुकेश त्रिपाठी ने किया।यह दूसरी बार है जब आईडब्ल्यूएफ ने एक वर्ष से भी कम समय में श्रेणियों में बदलाव किया है।

## 16 नवंबर को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान ए से होगी भिड़ंत

# राइजिंग एशिया कप टीम में वैभव सूर्यवंशी की एंट्री, जितेश कप्तान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और आईपीएल में अपनी चमक बिखरने वाले प्रियांश आर्य को इस महीने दोहा में होने वाले राइजिंग स्टार्स एशिया कप के लिए भारत ए टीम में शामिल किया गया। विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा को 14 से 23 नवंबर तक होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है।

भारत ए को ओमान, संयुक्त अरब अमीरात और पाकिस्तान ए के साथ ग्रुप बी में रखा गया है, जबकि ग्रुप ए में बांग्लादेश ए, हांगकांग, अफगानिस्तान ए और श्रीलंका ए शामिल हैं। भारत ए टीम 14 नवंबर को संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करने के बाद 16 नवंबर को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान ए से खेलेगी। जितेश अभी पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया में हैं।

### 14 से 23 नवंबर तक दोहा में होगा टूर्नामेंट



### भारत ए टीम

प्रियांश आर्य, वैभव सूर्यवंशी, नेहल वढेरा, नमन धीर (उपकप्तान), सूर्यांश शेडगे, जितेश शर्मा (कप्तान, विकेटकीपर), रमनदीप सिंह, हर्ष दुबे, आशुतोष शर्मा, यश ठाकुर, गुरजपनीत सिंह, विजय कुमार वैश्य, युद्धवीर सिंह चरक, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), सुयश शर्मा। स्टैंड-बाय खिलाड़ी: गुरनूर सिंह बराड़, कुमार कुशाग्र, तनुश कोटियन, समीर रिजवी, शेख रशीद।

### सूर्यवंशी पर होगी सबकी नजर

बीसीसीआई के अनुसार, 'सीनियर पुरुष चयन समिति ने कतर में होने वाले एशियाई क्रिकेट परिषद के राइजिंग स्टार्स एशिया कप के लिए भारत ए टीम का चयन किया है। यह टूर्नामेंट 14 से 23 नवंबर 2025 तक दोहा के वेस्ट एंड इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।' सूर्यवंशी फिर से ऐसे खिलाड़ी होंगे, जिन पर सबकी नजर रहेगी। उन्होंने इस साल आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेलते हुए गुजरात टाइटंस के खिलाफ 101 रन बनाकर टी20 क्रिकेट में सबसे युवा शतकवीर बनने का गौरव हासिल किया था। उन्होंने पिछले महीने ब्रिस्बेन में भारत की तरफ से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत अंडर-19 युवा टेस्ट में भी शतक बनाया था।

सेना प्रमुख ने कहा कि रोबोट और डेटा वॉरफेयर ने भी इन्फैंट्री को नई दिशा दी है। इसकी एक मजबूत तस्वीर खड़गा कोर में देखने को मिलती है। यहां ड्रोन जैसी तकनीक को व्यापक स्तर पर उपयोग में लाया जा चुका है

## सीमा से ड्रोन फ्रंट तक भारत की तैयारी

# थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने खड़गा कोर का किया दौरा, सैनिकों का बढ़ाया हौसला

वर्तमान युद्ध में ड्रोन व एआई अहम भूमिका में | मानवीय सहायता गतिविधियों की प्रशंसा की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी लगातार सैन्य तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं। कई सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा कर चुके सेना प्रमुख ने अब ड्रोन तैयारियों का निरीक्षण किया। थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने हरियाणा के अंबाला स्थित खड़गा कोर का दौरा किया। यहां उन्होंने ऑपरेशनल तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्हें युद्धक क्षमता को सुदृढ़ करने, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के एकीकरण, अंतर-एजेंसी समन्वय को बढ़ाने तथा राष्ट्र निर्माण से जुड़ी पहलों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।



थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने जवानों से की बात



ड्रोन तैयारियों की जानकारी लेते हुए सेनाध्यक्ष जनरल द्विवेदी

### उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की

सेनाध्यक्ष ने जहां यहां ड्रोन तैयारियों की जानकारी ली वहीं उन्होंने कोर द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के दौरान प्रदर्शित उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना भी की। उन्होंने ड्रोन डिजाइन एवं प्रशिक्षण में नवाचार, रसद और प्रशासन में उन्नत तकनीकी समाधान अपनाने, पूर्व सैनिकों व परिवारों के कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों तथा ऑपरेशन राहत के अंतर्गत मानवीय सहायता गतिविधियों की प्रशंसा की। थलसेना प्रमुख ने यह भी रेखांकित किया कि खड़गा कोर द्वारा सैन्य-नागरिक एकीकरण को प्रोत्साहन देकर सुरक्षा की दिशा में उल्लेखनीय योगदान दिया जा रहा है।

### रोबोट और डेटा वारफेयर ने दी नई दिशा

इसके अलावा रोबोट और डेटा वारफेयर ने भी इन्फैंट्री को नई दिशा दी है। इसकी एक मजबूत तस्वीर खड़गा कोर में देखने को मिलती है। यहां ड्रोन जैसी तकनीक को व्यापक स्तर पर उपयोग में लाया जा चुका है। सेनाध्यक्ष का यह दौरा न केवल कोर की तैयारियों का मूल्यांकन था, बल्कि यह सैनिकों के उत्साहवर्धन और भारतीय थलसेना की सतत आधुनिकीकरण प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण कदम भी है।

### अटूट समर्पण की प्रशंसा की

यहां मौजूद सभी अधिकारियों और जवानों के साथ बातचीत के दौरान, जनरल द्विवेदी ने उनकी पेशेवर दक्षता, निष्ठा और राष्ट्र सेवा के प्रति अटूट समर्पण की प्रशंसा की। भारतीय सेना की शक्ति उसके कर्मयोगियों की प्रतिबद्धता, साहस और अनुशासन में निहित है, और यही भावना सेना को हर चुनौती का सामना करने में सक्षम बनाती है।

## अमेरिका में ट्रक चलाना है तो अंग्रेजी आनी ही चाहिए...

**इस साल अंग्रेजी के टेस्ट में फेल हुए 7 हजार ट्रक ड्राइवरों को नौकरी से किया गया बाहर**

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** अभी अमेरिका में ड्रग्स के नशे में तीन लोगों की जान लेने वाले भारतीय मूल के ट्रक ड्राइवर का मामला पूरी तरह से शांत भी नहीं हुआ था कि अब अमेरिका से ट्रक ड्राइवरों के लिए एक और बुरी खबर सामने आ गई है। जिसमें यह कहा गया है कि जिन कॉमर्शियल ट्रक ड्राइवरों को अंग्रेजी भाषा को पढ़ना और बोलना नहीं आएगा। उन्हें या तो अपने रोजगार से हाथ धोना पड़ेगा या इसके अलावा उन्हें अमेरिका में ट्रक चलाने की अनुमति (लाइसेंस) नहीं मिलेगी। अमेरिका के यातायात सचिव सेन डफी ने कहा कि इस साल अंग्रेजी भाषा से जुड़े हुए टेस्ट में फेल होने की वजह से करीब 7 हजार से अधिक ट्रक ड्राइवरों को नौकरी से हाथ धोना पड़ा है। हमारा मानना है कि इनमें से ज्यादातर भारतीय मूल के हैं। अनुमानित आकंडों के मुताबिक, अमेरिका में लगभग डेढ़ लाख सिख, ट्रक उद्योग से जुड़े हुए हैं, जिनमें से ज्यादातर भारत के हरियाणा और पंजाब जैसे राज्यों से ताल्लुक रखते हैं। यातायात का नया अमेरिकी नियम इस बात की बाध्यता करता है कि ट्रक चालकों को अनिवार्य रूप अंग्रेजी भाषा का ज्ञान होना चाहिए। जिसमें सड़क पर आवाजाही के दौरान आम जनता से बातचीत के अलावा सड़क मार्ग पर लिखे हुए निर्देशों को पढ़ना और जरूरी दिशा सूचकों को भी अंग्रेजी में पहचानना शामिल है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस संबंध में 2025 में एक कार्यकारी आदेश भी जारी किया हुआ है। जिसका क्रियान्वयन अमेरिकी यातायात विभाग द्वारा किया जा रहा है।

## दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक से मिली यह जानकारी

# भारत-इजरायल ने आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहिष्णुता को लेकर जताई प्रतिबद्धता

रॉयल पत्रिका

भारत और इजरायल आतंकवाद और उसके भिन्न-भिन्न रूपों, अभिव्यक्तियों की चुनौती का लंबे वक्त से सामना कर रहे हैं। ऐसे में ये आवश्यक हो जाता है कि दोनों इस वैश्विक समस्या के खिलाफ शून्य सहिष्णुता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए एकजुटता से काम करें। मंगलवार को राजधानी स्थित हैदराबाद हाउस में विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर और उनके समकक्ष विदेश मंत्री गिदोन सार के बीच हुई द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक में भी इस मामले की जोरदार अंदाज में गूंज सुनाई दी। दोनों पक्षों ने समय की कसौटी पर खरी उतरी विश्वास और भरोसे वाली अपनी साझेदारी का उल्लेख करते हुए आतंकवाद की समस्या को जड़ से उखाड़ फेंकने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि की है। वार्ता में दोनों देशों के आपसी सहयोग के अलावा साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी गहनता से विचारों का आदान-प्रदान किया गया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। गौरतलब है कि गाजा में बने हुए तनाव के बीच इजरायल के विदेश मंत्री बीते सोमवार से अपनी पहली तीन दिवसीय भारत यात्रा पर हैं। जिसके तहत उनकी डॉ.जयशंकर के साथ यह बैठक हुई। सार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ भी मुलाकात कर सकते हैं।

### इजरायली क्षेत्र पर भारत की नजरः जयशंकर

बैठक में डॉ.जयशंकर ने कहा कि भारत और इजरायल दोनों देश आतंकवाद का सामना कर रहे हैं। जिसे देखते हुए यह जरूरी हो जाता है कि दोनों इसके खिलाफ शून्य सहिष्णुता को लेकर वैश्विक दृष्टिकोण के मद्देनजर साथ मिलकर काम करें। उन्होंने यह भी कहा कि हम इजरायली क्षेत्र में जारी घटनाक्रमों पर भी बेहद बारीकी से नजर बनाए हुए हैं। भारत गाजा पट्टी के इलाके में हालिया हुई बंधकों की रिहाई और उनकी वापसी का स्वागत करता है। साथ ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की गाजा शांति योजना को अपना समर्थन प्रदान करता है। हम उम्मीद करते हैं कि इसकी मदद से क्षेत्र में समस्या का स्थायी समाधान मिलेगा। जयशंकर ने एक्स पोस्ट में गिदोन सार के साथ हुई बैठक को शानदार बताते हुए कहा कि इसमें 'विभिन्न क्षेत्रों में हमारी रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर उपयोगी चर्चा हुई। आतंकवाद के सभी रूपों, अभिव्यक्तियों के प्रति हमारी शून्य सहिष्णुता की एक बार फिर से पुष्टि की गई। क्षेत्र के घटनाक्रमों, गाजा शांति योजना व एक स्थायी समाधान के प्रयासों पर इजरायली दृष्टिकोण साझा करने के लिए मैं, विदेश मंत्री सार की सराहना करता हूं। हमारी बातचीत में बहुपक्षीय मंचों पर हमारे सहयोग को लेकर भी विचारों का आदान-प्रदान किया गया'। बैठक में दोनों देशों के विदेश मंत्रालयों के बीच प्रशिक्षण पर एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

**बोले गिदोन सार, हमास को निशस्त्र करने, गाजा को विसैन्यीकृत करने के मामले पर इजरायल नहीं करेगा कोई समझौता**



### हमास को हथियार डालने पड़ेंगेः सार

इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने बैठक में आतंकवाद को दोनों देशों के लिए पारस्परिक रूप से खतरा बताते हुए पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की है। साथ ही कहा कि इजरायल आतंकवादी राज्य के रूप में एक अनोखी स्थिति का सामना कर रहा है। जिसमें गाजा में हमास, लेबनान में हिजबुल्लाह और यमन में हूती जैसे कट्टरपंथी आतंकवादी राज्यों ने बीते दशकों में खुद को स्थापित किया है। हमारे क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता के लिए इन्हें उखाड़ फेंकना आवश्यक है। हमास आतंकी राज्य का उन्मूलन राष्ट्रपति ट्रंप की शांति योजना के भी केंद्र में है। उन्होंने कहा कि हमास को निशस्त्र करने के साथ ही गाजा के इलाके को विसैन्यीकृत किया जाना चाहिए। इस मामले को लेकर इजरायल कोई समझौता नहीं करेगा।

### भारतीय कर्मियों के मुद्दों पर ध्यान देंगे

विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने बैठक में इजरायल में बड़ी तादाद में काम कर रहे भारतीय कर्मियों के मामले को भी उठाया। उन्होंने कहा कि ये दोनों देशों के बीच गतिशीलता को लेकर बनी आपसी समझ का परिणाम है। कर्मियों के हालांकि कुछ मुद्दे हैं, जिन पर ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। मुझे उम्मीद है कि हम अपने संबंधों में भी इस बिंदु पर गौर फरमाएंगे। सेमीकंडक्टर और साइबर में सहयोग को लेकर हमारा इतिहास रहा है। जो वर्तमान में और अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। भारत अगले साल 2026 के फरवरी महीने में एआई इम्पैक्ट समिट की मेजबानी करने जा रहा है। जिसमें हमें इजरायल की मौजूदगी का इंतजार रहेगा। दोनों देशों के बीच सामरिक भागीदारी रही है। आपकी यात्रा से हमारे द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा करने और भविष्य में उसे अधिक गहराई प्रदान करने के अवसरों को तलाशने का मौका मिला है। इस दिशा में हालिया संपन्न हुआ द्विपक्षीय निवेश समझौता एक महत्वपूर्ण कदम है। जयशंकर ने बीते वक्त में इजरायल के कृषि, आर्थिक, पर्यटन और वित्त मंत्री की स्वदेश यात्राओं का भी जिक्र किया।

### भारतीय उद्योगों की काम करने की मंशा

उन्होंने कहा, हालिया समय में भारत ने खासतौर पर रेल, सड़क, बंदरगाह, नवीकरणीय ऊर्जा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई क्षमताएं विकसित की हैं। हमारे उद्योग भी इजरायल में काम करने की संभावनाओं को तलाशने के इच्छुक हैं, जिसे हम भी लगातार ज्यादा तवज्जो देना चाहते हैं। कृषि और नवाचार के क्षेत्रों में भी साथ मिलकर काम करने का भारत और इजरायल का अच्छा रिकॉर्ड रहा है। जो हमारे साझा हितों से भी जुड़ा है। बातचीत में सामरिक सहयोग के मद्देनजर क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर किए गए विचारों के आदान-प्रदान को दोनों पक्ष काफी महत्व देते हैं।

## भारत और रोमानिया के बीच बैठक

# निवेश और आपूर्ति श्रृंखला सहयोग को करेंगे मजबूत



जितिन प्रसाद और रोमानिया की विदेश मंत्री ओआना-सिल्विया त्सोइउ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत-रोमानिया व्यापार समझौता को लेकर दोनों देशों के बीच मंगलवार को बुखारेस्ट में अहम बैठक हुई। इस बैठक में भारत के वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद और रोमानिया की विदेश मंत्री ओआना-सिल्विया त्सोइउ शामिल हुईं। दोनों पक्षों ने व्यापार, निवेश और आपूर्ति श्रृंखला सहयोग को मजबूत करने पर सहमति जताई। बैठक के दौरान तय हुआ कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच चल रही मुक्त व्यापार वार्ताओं को इस वर्ष ही अंतिम रूप देने का लक्ष्य रखा जाएगा। यह समझौता भारतीय निर्यातकों के लिए यूरोपीय बाजार तक पहुंच आसान करेगा और द्विपक्षीय व्यापार को नई गति देगा।

### प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ेगा


वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, भारत-रोमानिया व्यापार समझौता ऊर्जा, इंजीनियरिंग, दवा और सिरेमिक जैसे क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ाएगा। दोनों देशों ने निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल बनाने और बाजार तक आसान पहुंच के कदमों पर सहमति जताई। बैठक में आपूर्ति श्रृंखला विविधता, मानकों को सरल बनाने और उत्पादन साझेदारी को बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। दोनों पक्षों ने नियमित संवाद और उच्च स्तरीय संपर्कों को बनाए रखने का निर्णय लिया ताकि भविष्य में निवेश और व्यापार को और गति मिल सके। लगभग 30,000 भारतीय पेशेवरों को रोमानिया में काम करने का अवसर मिलेगा।

## उग्रवादी और सेना के बीच मुठभेड़

# मणिपुर में सेना की जवाबी कार्रवाई में 4 उग्रवादी ढेर

एजेंसी ▶▶ इंफाल

मणिपुर के चुराचांदपुर जिले से लगभग 80 किलोमीटर पश्चिम स्थित खनपी गांव में मंगलवार सुबह सेना और उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ में यूनाइटेड कुकी नेशनल आर्मी (यूकेएनए) के चार उग्रवादी मारे गए। एक अधिकारी ने बताया कि सेना को यूकेएनए के कुछ उग्रवादियों के क्षेत्र में होने की खबर मिली थी, जिसके बाद खानपी गांव के आसपास सुबह 5.30 बजे अभियान शुरू किया गया। रक्षा सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई खुफिया जानकारी के आधार पर की गई थी। अभियान के दौरान आतंकियों ने सेना के दस्ते पर बिना उकसावे के गोलीबारी की, जिसके जवाब में सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की। बता दें कि यूकेएनए अब तक केंद्र सरकार, राज्य सरकार और कुकी-जोमी संगठनों के बीच अपने अभियानों को रोकने से जुड़े समझौते में शामिल नहीं है।



मणिपुर में सर्च ऑपरेशन करती हुई भारतीय सेना

### अशांति के कारण पर्यटक घटे

मणिपुर में मेइती और कुकी-जो समुदाय के बीच दो साल से अधिक समय से जारी जातीय हिंसा के बीच राज्य में पर्यटकों की संख्या में कमी आई है। एक बयान के अनुसार 2019-2020 में राज्य में जहां 1.79 लाख पर्यटक आए थे वहीं 2024-2025 में यह संख्या घटकर लगभग 17,000 रह गई है। न केवल मणिपुर में अशांति, बल्कि अत्यधिक हवाई किराया भी राज्य में यात्रियों की संख्या में कमी के लिए जिम्मेदार एक कारक है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार सोमवार को इंफाल पहुंचे और योजनाओं की समीक्षा की।

## भारत-यूएस सैन्य सहयोग समूह की बैठक

# द्विपक्षीय 'रक्षा संबंधों' के साथ संचालन क्षमता करेंगे मजबूत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के सैन्य सहयोग समूह (एमसीजी) की 22वीं बैठक आयोजित की गई है। 3-4 नवंबर को हवाई में सैन्य सहयोग समूह की बैठक के दौरान भारत और अमेरिका ने रक्षा संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया।

इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ (एचक्यू आईडीएस) के मुख्यालय ने मंगलवार को बताया कि बैठक की सह-अध्यक्षता भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ (सीआईएससी) के प्रमुख एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित और अमेरिका का प्रतिनिधित्व करने वाले यूएस इंडो-पैसिफिक कमांड के डिप्टी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल जोशुआ एम रुड ने की।



इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ मुख्यालय में दोनों देश के सैन्य अधिकारी मिले

## कोच्चि में नौसेनाप्रमुख की अध्यक्षता में 6 नवंबर को होगा भव्य समारोह

# नौसेना की बढ़ेगी युद्धक क्षमता, कल शामिल होगा 'इक्षक' सर्वेक्षण पोत

रॉयल पत्रिका

ऑपरेशन सिंदूर के बाद देश की पश्चिमी-सीमा पर पाकिस्तान के साथ बनी हुई सुरक्षा चुनौती के बीच जल्द ही भारतीय नौसेना की सामरिक क्षमता में और अधिक इजाफा देखने को मिलेगा। मौका होगा गुरुवार (6 नवंबर 2025) को बल के जंगी बेड़े में शामिल होने वाले समुद्री सर्वेक्षण जहाज (लॉर्ज) की श्रेणी से जुड़े हुए तीसरे स्वदेश में निर्मित पोत 'इक्षक' का।

जिसे लेकर नौसेना के कोच्चि अड्डे पर एक भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा और उसकी अध्यक्षता स्वयं नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी करेंगे। नौसेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी है। जिसमें बताया कि इक्षक की मदद से नौसेना की समुद्र में हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करने की क्षमता में काफी बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। यह पहला पोत होगा जिसे नौसेना की दक्षिण कमांड में उसके जंगी बेड़े में शामिल किया जाएगा।



### 80 फीसदी स्वदेशी तत्व

नौसेना ने बताया कि इक्षक का निर्माण कोलकाता स्थित स्वदेशी शिपयार्ड गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) द्वारा किया गया है। जो जहाज निर्माण के क्षेत्र में भारत की बढ़ती हुई काबिलियत का जीता जागता प्रमाण प्रस्तुत करता है। पोत में कुल करीब 80 फीसदी स्वदेशी सामग्री लगाई गई है। जिसमें शिपयार्ड के साथ ही देश के सूक्ष्म और मध्यम उद्योगों का भी योगदान है।

### संस्कृत में इक्षक का अर्थ होता है गाइड

इक्षक का संस्कृत भाषा में अर्थ गाइड होता है। जो कि समुद्र में अपने उद्देश्य और उसके साथ जुड़ी हुई सटीकता से शत-प्रतिशत मेल खाता है। इसे इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह बंदरगाहों, तटों और आवाजाही वाले समुद्री चैनलों पर पूर्ण और गहरे पानी वाले सर्वेक्षण दक्षता के साथ करेगा। पोत की मदद से मिलने वाला डेटा भारत के समुद्री सुरक्षा फ्रेमवर्क के लिहाज से भी काफी महत्वपूर्ण रहेगा। इसके अलावा इसकी क्षमता को मजबूत बनाने के लिए इसमें स्टेट ऑफ द आर्ट उपकरण लगाए गए हैं।

# राहुल बोले – हरियाणा के बाद बिहार में 'ऑपरेशन सरकार चोरी'

## -मंच पर आए 5 वोटर बोले – हमारा नाम लिस्ट से काटा गया

नई दिल्ली । बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण की 121 सीटों पर कल वोटिंग होनी है। इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा है कि बिहार में 'ऑपरेशन सरकार चोरी' चलाया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि जैसे हरियाणा में लाखों वोटर लिस्ट से नाम काटे गए थे, वैसे ही अब बिहार में भी वोटरों के अधिकार छीने जा रहे हैं।

**राहुल का आरोप – "लोकतंत्र की हत्या की जा रही है"**

राहुल गांधी ने बुधवार को 1 घंटा 20 मिनट लंबी प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जिसमें उन्होंने वोटर लिस्ट से छेड़छाड़ का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा –

"हरियाणा में 3.5 लाख वोटरों के नाम काटे गए थे, अब वही बिहार में दोहराया जा रहा है। चुनाव से ठीक पहले वोटर लिस्ट जारी कर लोकतंत्र को खत्म किया जा रहा है।"

राहुल ने बिहार के जमुई जिले के 5 वोटरों को मंच पर बुलाया, जिन्होंने कहा कि उनके और उनके गांव के करीब 300 लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए गए हैं।

**हरियाणा चुनाव का ज़िक्र – "25 लाख वोटों की चोरी हुई"**

राहुल गांधी ने अपने प्रजेंटेशन में हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 का उदाहरण दिया और आरोप लगाया कि वहां 25 लाख वोट फर्जी तरीके से डाले गए।

उन्होंने कहा कि एक ब्राजीलियन मॉडल की फोटो हरियाणा की वोटर लिस्ट में शामिल थी, जिसने





10 बूथ पर 22 बार वोट डाला।

राहुल ने सवाल किया –

"हरियाणा की वोटर लिस्ट में ब्राजीलियन लड़की क्या कर रही थी?"

हालांकि बाद में पता चला कि यह तस्वीर एक फ्री स्टॉक वेबसाइट Unsplash.com से ली गई थी, जहां इसे 2017 में पोस्ट किया गया था।

हरियाणा CM के बयान पर उठाए सवाल

राहुल ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का एक वीडियो भी दिखाया, जिसमें सैनी कहते दिख रहे हैं –

"हमारे पास सारी व्यवस्थाएं हैं, आप चिंता मत करिए।"

राहुल ने पूछा –

"आखिर ये 'व्यवस्था' क्या है? क्या यह वोट चोरी की व्यवस्था है?"

उन्होंने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस चुनाव हार गई, लेकिन उसके पहले ही बीजेपी नेताओं के चेहरों पर आत्मविश्वास साफ झलक रहा था।

**राहुल की प्रेस कॉन्फ्रेंस के 3 अहम मोमेंट**

1. "मेरा घर छीना, अब नरेंद्र का छीन रहे"

राहुल ने कहा कि वोटर लिस्ट में कई नाम ऐसे हैं जिनके हाउस नंबर 0 हैं। यानी उन्हें बिना घर वाला दिखाया गया। राहुल ने तंज कसते हुए कहा –

"जैसे इन लोगों ने मेरा घर छीना था, वैसे ही अब नरेंद्र का घर छीन रहे हैं।"

यह बयान उन्होंने अपने सरकारी आवास 12 तुगलक रोड से निकाले जाने के संदर्भ में दिया।

2. "अब सुनिए ज्ञानेश का ज्ञान"

राहुल ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की तस्वीर दिखाते हुए कहा –

"ज्ञानेश जी कहते हैं कि जो पुल के नीचे रहते हैं या सड़क किनारे हैं, उनका हाउस नंबर 0 होता है। अब आप ही बताइए, ये कैसी व्यवस्था है?"

3. "अब बेचारी मॉडल ट्रोल होगी"

ब्राजीलियन मॉडल की तस्वीर दिखाने के बाद राहुल ने कहा –

"अब ये बेचारी बहुत ट्रोल होगी, लेकिन असली सवाल यह है कि उसकी फोटो हरियाणा की वोटर लिस्ट में क्यों है?"

**राहुल ने कहा – "सुप्रीम कोर्ट सब देख रहा है"**

प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए राहुल ने कहा कि उन्होंने कोई बात छिपाई नहीं है।

"हमने सबूत सामने रख दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट सब देख रहा है। अब कार्रवाई उनका काम है।"

उन्होंने यह भी कहा कि वोटर लिस्ट में गड़बड़ी रोकने की जिम्मेदारी किसी राजनीतिक दल की नहीं, बल्कि चुनाव आयोग की है।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,